वर्ष 24, अंक 134, पृष्ठ 08, मूल्य: 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | रविवार 23 नवंबर 2025 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## जी20 समिट की टूटी परंपरा



## अमेरिका के बायकॉट के बाद भी प्रस्ताव पास

### साउथ अफ्रीका से ट्रंप को कड़ा संदेश

**दक्षिण अफ्रीका**

**दक्षिण** अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में आयोजित जी20 शिखर सम्मेलन में शामिल देशों ने जलवायु परिवर्तन पर एक ऐतिहासिक घोषणापत्र पारित किया है. जी20 देशों के समूह की ओर से घोषणापत्र पर अमेरिका के विरोध और बहिष्कार के बाद बावजूद सर्वसम्मति से सहमति बनी है. जी20 समूह की ओर से उठाए गए इस कदम को परंपरा के हटकर बताया जा रहा है,

क्योंकि जी20 में शामिल दुनिया भर के नेताओं ने जलवायु परिवर्तन को लेकर अमेरिका की अनुपस्थिति में एक संयुक्त घोषणापत्र पारित किया.

दरअसल, जोहान्सबर्ग में आयोजित जी20 शिखर सम्मेलन का अमेरिका ने बहिष्कार किया है. इसके पीछे मेजबान दक्षिण अफ्रीका के साथ अमेरिका के राजनयिक मतभेद को कारण बताया गया है. रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा ने कहा कि अमेरिका ने संयुक्त घोषणापत्र के शब्दों पर आपत्ति जताई है. हालांकि, उन्होंने इस बात पर जोर देते हुए कहा कि जलवायु परिवर्तन को लेकर पारित घोषणापत्र पर फिर से बातचीत नहीं की जा सकती है. राष्ट्रपति रामफोसा के दिए इस बयान से वॉशिंगटन और प्रिटोरिया के बीच जारी तनाव को उजागर किया है.

**शिखर सम्मेलन की शुरूआत में पारित कराया गया घोषणापत्र**

शिखर सम्मेलन में अपना संबोधन देते हुए दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा ने संयुक्त घोषणापत्र के लिए व्यापक सहमति को स्वीकार किया और कहा, ह्यहमें इस शिखर सम्मेलन की शुरूआत में ही घोषणापत्र को स्वीकार करना चाहिए.ह्ल रामफोसा के प्रवक्ता विंसेंट मैग्वेन्या ने कहा कि घोषणापत्र को शिखर सम्मेलन की कार्यवाही की शुरूआती दौर में असामान्य रूप से स्वीकार कर लिया गया और यह कदम इस मिले जबरदस्त समर्थन के कारण उठाया गया.

न्यूज एजेंसी एपी के मुताबिक, मैग्वेन्या ने कहा कि आमतौर पर घोषणापत्र को कार्यवाही के अंत में स्वीकार किया जाता है, लेकिन हमें ऐसा महसूस हुआ कि हमें शिखर सम्मेलन की घोषणापत्र को पहले ही पारित करने की पहल करनी चाहिए.

दक्षिण अफ्रीका के अधिकारियों ने इस बात की भी पुष्टि की कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रिटोरिया पर इस बात के लिए दबाव डाला था कि वे उनकी गैर-मौजूदगी में जी20 नेताओं के घोषणापत्र को कतई स्वीकार न करें. वहीं, प्रवक्ता विंसेंट मैग्वेन्या ने कहा कि हमने इस घोषणापत्र को स्वीकार करने के लिए पूरे साल काम किया है और पिछला सप्ताह भी काफी जोरदार रहा है।

### जी20 में भारत की दमदार दस्तक

## पीएम का ड्रग्स-आतंकवाद के गठजोड़ पर कड़ा प्रहार



● जोहान्सबर्ग में हुए पहले सत्र में प्रधानमंत्री मोदी ने समावेशी और सतत विकास को ही समृद्ध दुनिया की आधारशिला बताया। भारत की सभ्यतागत सोच, विशेषकर समन्वित मानववाद" को उद्धृत करते हुए उन्होंने बताया कि कैसे विकास और पर्यावरणीय संतुलन एक-दूसरे के पूरक हैं, विकल्प नहीं।

**दक्षिण अफ्रीका**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में जी-20 शिखर सम्मेलन में भारत के सभ्यतागत मूल्यों के अनुरूप वैश्विक विकास को नया रूप देने के उद्देश्य से कई पहलों का प्रस्ताव रखा। ह्यसमावेशी और सतत आर्थिक विकास, जिसमें कोई पीछे न छूटेह्ल विषय पर आयोजित सत्र को संबोधित करते हुए, प्रधानमंत्री मोदी ने वैश्विक विकास मानदंडों पर गहन पुनर्विचार का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जी-20 ने लंबे समय से वैश्विक वित्त और विकास को आकार दिया है, लेकिन प्रचलित मॉडलों ने बड़ी आबादी को संसाधनों से वंचित किया है और प्रकृति के अति-दोहन को बढ़ावा दिया है। ये चुनौतियाँ अफ्रीका में तीव्र रूप से महसूस की जा रही हैं।

मोदी ने कहा कि अफ्रीका द्वारा पहली बार जी-20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी के साथ, अब हमारे लिए अपने विकास मानदंडों पर पुनर्विचार करने और समावेशी एवं सतत विकास पर ध्यान केंद्रित करने का सही समय है। भारत के सभ्यतागत मूल्य, विशेष रूप से एकात्म मानववाद का सिद्धांत, आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त करता

### स्वास्थ्य को भी दी प्राथमिकता

है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट किया, "दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में जी-20 शिखर सम्मेलन के पहले सत्र को संबोधित किया, जिसमें समावेशी और सतत विकास पर ध्यान केंद्रित किया गया। अफ्रीका द्वारा पहली बार जी-20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी के साथ, अब हमारे लिए अपने विकास मानदंडों पर पुनर्विचार करने और समावेशी एवं सतत विकास पर ध्यान केंद्रित करने का सही समय है। भारत के सभ्यतागत मूल्य, विशेषकर एकात्म मानववाद का सिद्धांत आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त करता है।"

मोदी ने कहा कि मैंने सर्वांगीण विकास के हमारे सपने को साकार करने के लिए कुछ कार्ययोजनाएँ प्रस्तावित कीं। उनमें से पहला है ऋ20 वैश्विक पारंपरिक ज्ञान भंडार का निर्माण। इस संबंध में भारत का इतिहास समृद्ध है। इससे हमें अपने सामूहिक ज्ञान को बेहतर स्वास्थ्य और कल्याण की दिशा में आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। अफ्रीका की प्रगति वैश्विक प्रगति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। भारत हमेशा अफ्रीका के साथ एकजुटता में खड़ा रहा है। मुझे इस बात पर गर्व है कि भारत की ऋ20 अध्यक्षता के दौरान ही अफ्रीकी संघ ऋ20 का स्थायी सदस्य बना।

इसी भावना को आगे बढ़ाते हुए, भारत ऋ20-अफ्रीका कौशल गुणक पहल का प्रस्ताव रखता है। हमारा सामूहिक लक्ष्य अगले दशक के भीतर अफ्रीका में 10 लाख प्रमाणित प्रशिक्षक तैयार करना होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि भारत एक G20 वैश्विक स्वास्थ्य सेवा प्रतिक्रिया दल के गठन का प्रस्ताव रखता है। स्वास्थ्य संबंधी आपात स्थितियों और प्राकृतिक आपदाओं के समय जब हम मिलकर काम करते हैं, तो हमारी स्थिति और भी मजबूत होती है। हमारा प्रयास ऋ20 के अन्य देशों के प्रशिक्षित चिकित्सा विशेषज्ञों की टीमें बनाना होना चाहिए जो किसी भी आपात स्थिति में तुरंत तैनाती के लिए तैयार रहें। मादक पदार्थों की तस्करी, खासकर फेंटेनाइल जैसे बेहद खतरनाक पदार्थों के प्रसार की चुनौती से निपटने के लिए, भारत ने मादक पदार्थों-आतंकवाद के गठजोड़ का मुकाबला करने के लिए जी-20 पहल का प्रस्ताव रखा है। आइए, हम इस बदहाल मादक पदार्थ-आतंकवादी अर्थव्यवस्था को कमजोर करें!



### एनसीआर-यूपी के इन शहरों में भी लगेगा प्रतिबंध

## नोएडा, गाजियाबाद में डीजल ऑटो पूरी तरह बैन



**नोएडा,**

**एनसीआर** के उत्तर प्रदेश वाले इलाके- गौतमबुद्धनगर, गाजियाबाद, मेरठ, हापुड़, बुलंदशहर, मुजफ्फरनगर और शामली में बढ़ते वायु प्रदूषण को काबू करने के लिए यूपी सरकार ने बड़ा कदम उठाया है. सरकार ने एक विस्तृत एक्शन प्लान तैयार किया है, जिसके तहत पूरे एनसीआर-यूपी में डीजल ऑटो रिक्शा के संचालन पर चरणबद्ध तरीके से रोक लगाई जाएगी. सरकार का मानना है कि सड़क की धूल और डीजल गाड़ियों का धुआं प्रदूषण का सबसे बड़ा कारण है, इसलिए इन्हें नियंत्रित करना बेहद जरूरी है.

मुख्य सचिव एस.पी. गोयल की अध्यक्षता में हुई उच्चस्तरीय बैठक में साफ कहा गया कि एनसीआर में रहने वाले लाखों लोगों को राहत पहुंचाने के लिए कड़े कदम उठाए जाएंगे. इसी क्रम में गौतमबुद्धनगर (नोएडा-ग्रेटर नोएडा) और गाजियाबाद में डीजल ऑटो का संचालन पहले ही पूरी तरह बंद कर दिया गया है. वहीं बागपत में डीजल ऑटो को बंद करने की अंतिम तारीख 31 दिसंबर 2025 तय की गई है.

**मेरठ रीजनल ट्रांसपोर्ट अथॉरिटी ने क्या उठाया कदम?**

मेरठ रीजनल ट्रांसपोर्ट अथॉरिटी ने भी कदम उठाते हुए अब डीजल ऑटो के नए परमिट जारी करना और पुराने परमिट का नवीनीकरण पूरी तरह रोक दिया है. सरकार की योजना है कि दिसंबर 2026 तक मेरठ, हापुड़, बुलंदशहर, मुजफ्फरनगर और शामली जिलों में भी डीजल ऑटो को चरणबद्ध तरीके से पूरी तरह बंद कर दिया जाए.

**अभियान की निगरानी के लिए चीफ नोडल अधिकारी नियुक्त**

इस बड़े अभियान की निगरानी के लिए पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के प्रमुख सचिव को मुख्य नोडल अधिकारी बनाया गया है।

## ओवैसी का मास्टरस्ट्रोक: सीमांचल के मुद्दे पर बिहार की सियासत में नया मोड़



**बिहार**

**एआईएमआईएम** प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि वह नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली बिहार सरकार का समर्थन करने को तैयार हैं, बशर्ते लंबे समय से उपेक्षित सीमांचल क्षेत्र को न्याय मिले। अमौर में एक सभा को संबोधित करते हुए, ओवैसी ने जोर देकर कहा कि विकास केवल राजधानी पटना और पर्यटन स्थल राजगीर तक ही सीमित नहीं रहना चाहिए। ओवैसी ने कहा कि हम नीतीश कुमार की सरकार को अपना समर्थन देने के लिए तैयार हैं, लेकिन सीमांचल क्षेत्र को न्याय मिलना चाहिए।

एआईएमआईएम प्रमुख ने आगे कहा कि कब तक सब कुछ पटना और राजगीर के इर्द-गिर्द ही केंद्रित रहेगा? सीमांचल नदी कटाव, बड़े पैमाने पर पलायन और बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार से पीड़ित है। सरकार को इन मुद्दों का समाधान करना चाहिए। बिहार के पूर्वोत्तर भाग में स्थित सीमांचल में मुस्लिम आबादी का एक बड़ा हिस्सा है और यह राज्य के सबसे पिछड़े इलाकों में से एक है। कोसी नदी के उफान पर होने के कारण इस क्षेत्र में हर साल बाढ़ आती है। सीमांचल की लगभग 80% आबादी ग्रामीण इलाकों में रहती है।

## दिल्ली में 15 वर्षीय लड़के की चाकू घोंपकर हत्या, दो संदिग्धों में एक नाबालिग शामिल

**नई दिल्ली।**

**उत्तर-पूर्व** दिल्ली के ज्योति नगर में शनिवार तड़के कहासुनी होने के बाद एक नाबालिग सहित दो व्यक्तियों ने 15 वर्षीय एक लड़के की कथित रूप से चाकू घोंपकर हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि कर्दमपुरी इलाके में हुई इस घटना की सूचना शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात मिली। पुलिस जब मौके पर पहुंची तो उसे पता चला कि स्थानीय लोग घायल किशोर को जीटीबी (गुरु तेग बहादुर) अस्पताल ले गए थे जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि कर्दमपुरी के रहने वाले 15 वर्षीय लड़के का दो व्यक्तियों से झगड़ा हुआ था जिसमें एक नाबालिग भी शामिल था। न्होंने बताया कि झगड़े के बाद उनमें से एक ने उसे कथित तौर पर चाकू मार दिया। पुलिस ने दावा किया है कि उन्हें अपराध में दोनों संदिग्धों की संलिप्तता दर्शाने वाले महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं। अधिकारी ने कहा कि एक फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से नमूने इकट्ठा किए हैं और हमले की वजह बनने वाली घटनाओं के क्रम का पता लगाने के लिए मामले में जांच जारी है।

## "गंगा प्रवह यात्रा" का विदाई समारोह

### भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के द्वारा हरी झंडी दिखा कर सम्पन्न हुआ





**नई दिल्ली। भाजपा** द्वारा भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की स्मृति में चलाए जा रहे सरदार @ 150 यूनिटी मार्च का पहला चरण पूर्ण होने पर पर आज एक समीक्षा हुई और दूसरे चरण के अंतर्गत "गंगा प्रवह यात्रा" का विदाई समारोह भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के द्वारा हरी झंडी दिखा कर सम्पन्न हुआ।

सरदार @ 150 यूनिटी मार्च के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के साथ केन्द्रीय मंत्री मनसुख मांडविया, भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल, दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा, सरदार @ 150 केन्द्रीय टोली सदस्य एवं विधायक सतीश उपाध्याय, राष्ट्रीय मीडिया सहप्रमुख संजय मयूख, दिल्ली भाजपा के सरदार @ 150 के संयोजक सांसद योगेन्द्र चांदोलिया, सह संयोजक सांसद बाँसुरी स्वराज एवं सागर त्यागी और प्रवक्ता यासीर जिलानी आदि सम्मलित हुए। सुनील बंसल ने बैठक में बताया की हमने प्रत्येक संसदीय क्षेत्र में सरदार @ 150 यूनिटी मार्च का आयोजन किया है, जहां सांसद हैं वहां उनके नेतृत्व में और जहां सांसद नही हैं वहां संगठन के माध्यम से। उन्होने बताया की आज जो "गंगा प्रवह यात्रा" सरदार @ 150 यूनिटी मार्च के अंतर्गत दिल्ली से जा रही है यह अलवर में एकत्र होकर प्रारम्भ होगी और 8 राज्यों में जायेगी। मनसुख मांडविया ने कहा की सरदार वल्लभ भाई पटेल की कांग्रेस ने जितनी मर्जी उपेक्षा करने की कोशिश की हो पर सरदार पटेल आज भी प्रत्येक भारतीय के दिल में बस्ते हैं क्योंकि हर भारतीय मानता है की आजादी के समय भारत में जो 565 रियसतें थीं उनको एक माला में पिरो कर उन्होने भारत का निर्माण किया। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कहा की नेहरू गांधी परिवार का अधिपत्य होने के कारण कांग्रेस ने हमेशा सरदार वल्लभ भाई पटेल की अवेहलना की और उनको भारत रत्न का सम्मान देने में अत्याधिक समय लगाया। कांग्रेस को यह स्वीकार करने में 44 साल लगे की सरदार वल्लभ भाई पटेल भारत रत्न थे और वो भी तब स्वीकारा जब 1991 में प्रधान मंत्री का पद नेहरू गांधी परिवार से बाहर चला गया। जगत प्रकाश नड्डा ने कहा की सरदार वल्लभ भाई पटेल के कारण ही भारत एक राष्ट्र के रूप में उभरा और यदि पं. नेहरू ने उनकी चलने दी होती तो आज जम्मू-कश्मीर की समस्या भी नही होती।

# धरतीपुत्र दिवस समाजवादी पार्टी के संस्थापक नेता जी की मनाई गई जयंती

## शून्य से शिखर तक का सफर तय किया पद्म भूषण सम्मानित मुलायम सिंह यादव ने

**कोरांव प्रयागराज।** नगर पंचायत कोरांव में स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय सहित अन्य विभिन्न प्रतिष्ठानों पर देश के पूर्व रक्षा मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार के निवर्तमान मुख्यमंत्री पद्म विभूषण से सम्मानित स्वर्गीय माननीय नेता मुलायम सिंह यादव जी की जयंती समाजवादी पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष सोमदत्त सिंह पटेल के नेतृत्व में कई प्रतिष्ठानों पर मनाई गई। 22 नवंबर 1939 को इटावा के सैफई गांव में माननीय नेता जी का जन्म हुआ था 10 अक्टूबर 2022 को आकस्मिक निधन होने के बाद नेता जी भारतीय राजनीति में नहीं रहे। लेकिन देश की राजनीति में नेताजी के द्वारा लिए गए ऐतिहासिक फैसला आज भी देश की राजनीति में स्वर्णिम पन्नों में अंकित हैं , उनके द्वारा लिए गए कई ऐतिहासिक फैसला उन्हें शून्य से शिखर तक का सफर समय समय पर तय कराते रहें । उनकी जयंती पर समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी के द्वारा कई सार्वजनिक स्थलों सहित चिकित्सालयों में फल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से। सुमन कोल, रेखा वर्मा, रंजना जैसल, रविंदर जैसल, रामानुज यादव, शहादत अली, दीपक पटेल , पुष्कर यादव, शरद यादव, सहित अन्य क्षेत्रीय लोगों सहित पदाधिकारी गण मौके पर देखें गए।



**बोले सोशल एक्टिविस्ट आर एस भास्कर**

प्रख्यात समाजवादी,एक सुयोग्य सांसद, उ.प्र. के भूतपूर्व मुख्यमंत्री,भारत के भूतपूर्व रक्षामंत्री, पद्मविभूषण श्रद्धेय मुलायम सिंह यादव का जन्म उत्तरप्रदेश के इटावा जिले के सैफई गांव के एक किसान परिवार मे 22 नवंबर 1939 को हुआ था। आपने सामाजिक सेवा की शुरूआत शिक्षक के रूप में शुरू की। कुछ समय पश्चात शिक्षण कार्य छोड़कर सक्रिय राजनीति में अपना कदम रखे तथा कई बार विधान सभा सदस्य और लोक सभा सदस्य चुने गये। डाक्टर राम मनोहर लोहिया की समाजवादी विचारधारा से प्रेरित होकर समाजवादियों को संगठित करके आपने 1992 में समाजवादी पार्टी की स्थापना की। अपनी सोसल इंजीनियरिंग को धार देने के लिए मुलायम सिंह ने समाज के सभी वर्गो को एक सूत्र में एसेम्बलिंग कर मजबूत समाजवादी पार्टी की नींव रखी। क्षत्रिय समाज से श्री मोहन सिंह, कुंवर रेवती रमण सिंह, अमर सिंह, ब्राह्मण समाज से जनेश्वर मिश्र जिन्हें उनके सम्मान में छोटे लोहिया के नाम से जाना गया, पिछड़े कुर्मी समाज से बेनी प्रसाद वर्मा, धनीराम वर्मा, गुर्जर समाज से रामशरण दास, ग्लैमर सोसाइटी से महानायक अमिताभ बच्चन, श्रीमती जया बच्चन, सुश्री जया प्रदा तथा अल्पसंख्यक मुस्लिम समाज से मो आजम खान एवं दलित समाज से श्री पकौड़ी लाल कोल आदि जैसे समाजवादियों को जोड़कर समाजवादी पार्टी को मजबूती प्रदान की। यह मुलायम सिंह यादव का करिश्माई व्यक्तित्व ही था कि जो भी उनके करीब आया , उसने स्वयं को समाजवादी पार्टी का बड़ा नेता ही महसूस किया। वे सब की बात गौर से सुनते थे और उस पर अमल भी करते थे।यह सब उनकी सत्ता की विकेंद्रीकरण की नीति के कारण ही संभव हो सका। यह उनके व्यक्तित्व की खासियत थी कि जो एक बार उनसे मिल लेते थे तो अगली मुलाकात में उनके द्वारा नाम लेकर सम्बोधित करने पर लोग आश्चर्यचकित रह जाते थे। मुलायम सिंह यादव जमीन से जुड़े हुए नेता थे। इसीलिए उनके सम्मान मे लोग उन्हें धरती पुत्र मुलायम सिंह यादव कहते हैं। उन्होंने सामाजिक भेदभाव और असमानता को बहुत ही नजदीक से महसूस किया था। वे किसी भी प्रकार के सामाजिक भेदभाव और असमानता के कट्टर विरोधी थे।वे सामाजिक समानता तथा आर्थिक और राजनीतिक विकेंद्रीकरण के प्रबल पक्षधर थे। उनका विश्वास था कि समाज के सर्वांगीण विकास के लिए एक मजबूत मध्यमवर्गीय समाज की स्थापना जरूरी है। सबको समान अवसर के बिना एक खुशहाल समाज की स्थापना असंभव है। यह श्रद्धेय नेताजी के राजनैतिक कौशल का ही प्रभाव था कि विश्वनाथ प्रताप सिंह की तत्कालीन जनता दल सरकार ने मंडल आयोग की सिफारिशें लागू किया जिससे पिछड़ी जातियों को सरकारी नौकरियों में आरक्षण मिल सका। फलस्वरूप आज पिछड़ी जातियों का समुचित प्रतिनिधित्व परिलक्षित हो रहा है नेताजी का उदय भारतीय समाज में एक महत्वपूर्ण परिघटना है।श्रद्धेय मुलायम सिंह यादव ने भारतवर्ष में दलित एवं पिछडों की राजनीति को एक नया आयाम दिया ।



2012 में उत्तर प्रदेश में अखिलेश यादव की पूर्ण बहुमत की समाजवादी सरकार बनवाकर स्वयं केंद्र की राजनीति में सक्रिय हो गये। 10 अक्टूबर 2022 को नेताजी भारत को समाजवाद का अमर संदेश देकर पंचतत्व में विलीन हो गये। उनकी लोकप्रियता का आलम यह था कि नेता जी की मृत्यु का दुःखद समाचार सुनकर देश के हर छोटे बड़े नेता उन्हें भावभीनी अन्तिम विदाई देने के लिए उस दिन सैफई में उपस्थित थे। नेताजी की समाधि सैफई में मत्था टेककर आज उनके अनुयाई हर समाजवादी स्वयं को सौभाग्यशाली, गौरवान्वित महसूस करते हैं। आज आदरणीय अखिलेश यादव के नेतृत्व कला एवं पी डी ए की विचारधारा से प्रभावित होकर समाज का हर वर्ग समाजवादी पार्टी से जुड़ रहा है। आज पी डी ए की विचारधारा से समाज के हर वर्ग को जोड़ने के लिए समाजवादी परिवार के राजकुमार भाटी, इकरा हसन, प्रिया सरोज, श्रीइन्द्र जीत सरोज, श्रीतूफानी सरोज, दद्दू प्रसाद, आर के चौधरी, नरेश उत्तम पटेल, मान सिंह यादव, श्यामलाल पाल जैसे हजारों- हजार समाजवादी, वर्तमान लोकतंत्र विध्वंसक संविधान विरोधी सरकार को उखाड़ फेकने के लिए पी डी ए पंचायत आयोजित कर रहे हैं। परन्तु आज राजनीति में एक अजीब संक्रमण काल चल रहा है।सत्ता पक्ष राजनीतिक जीत के लिए हतप्रभ करने वाले अनेकानेक हथकंडे अपना रहा है।जो हाल ही में सम्पन्न बिहार हरियाणा, महाराष्ट्र जैसे राज्यों के विधान सभा चुनावों से परिलक्षित होता है। हम सभी समाजवादियों को मिलकर इसके प्रतिरोध का मुकम्मल तरीका खोजना होगा। अब लगता है उनको उन्हीं की भाषा में जवाब देने का वक्त आ गया है, क्योंकि जो व्यक्ति आप के साथ जैसा व्यवहार करे, उसके साथ वैसा ही व्यवहार करना चाहिए। मायावी के साथ माया का ही तथा सज्जन के साथ सज्जनता का व्यवहार करना चाहिए - यस्मिन् यथा वर्तते यो मनुष्यः, तस्मिन् तथा वर्तितव्यः स धर्मः। मायाचारो मायया वर्तितव्यः, साध्वाचारो साधुना प्रत्युपेयुः।। कल 22 नवंबर को श्रद्धेय नेताजी धरतीपुत्र मुलायम सिंह यादव जी की जयन्ती है। उनके दिखाए गये समाजवादी आदर्शों पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। श्रद्धेय नेताजी की जयंती की पूर्व संध्या पर उन्हें सादर, रमा शंकर भास्कर सोशल एक्टिविस्ट एवं पूर्व डिप्टीकमिश्नर ग्राम- खजुरी, तहसील- कोरांव प्रयागराज सेक्टर ETA -1, परी चौक, ग्रेटर नोयडा, जिला गौतमबुद्ध नगर ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

# इल्म शिक्षा के लिए मौलाना गुरु का होना जरूरी किताब ही काफी नहीं : इसराइल साहब किबला हाफिज व कारी

## मदरसे के 20 हुफ्फाजे किराम को दी गई सनद पालपुर बगिया दादूपुर

अखंड भारत संदेश



**जसरा।** घूरपुर दादूपुर जामिया फैजानुल उलूम मदरसा दादूपुर हाफिज वकारी इस्माइल साहब किबला प्रिंसिपल मदरसा हाजा दादूपुर पालपुर बगिया स्थित जामिया फैजानुल उलूम मदरसा में चल रहा, दीनी इदारा मदरसा जामिया फैजानुल उलूम मदरसा में सालाना जलसा -दस्तारबंदी का प्रोग्राम जोरों खरोश के साथ मुनकिद (आयोजित) किया गया। जलसा में 20 हुफ्फाजे किराम को सर पर दस्तर-ए-हिफ्ज सजाए गए । साथ ही सनद इस दौरान हाफिज मोहम्मद अयाज रजा की भी दस्तारबंदी हुई।

इस खूबसूरत मौके पर हजरत मुफ्ती अख्तर हुसैन आलमी साहब किबला, हजरत कारी इकबाल हुसैन साहब किबला मुरादाबाद, जलसे को खिताब (सम्बोधन ) किया। उन्होंने शीर्क व अकीदत पर बात की। आगे उन्होंने कहा कि बुजुर्गों और सूफियों के बगैर आदमी सीधे रास्ते पर नहीं चल सकता है। खानकाह में लंगर खाने के लिए सभी लोग पहुंचते हैं। आगे उन्होंने कहा कि उसमें जाती धर्म नहीं देखी जाती है। इस्लाम में इल्म के लिए गुरु का होना जरूर है, किताब ही काफी नहीं है। मदरसा के बुजुर्गों का सभी पर बराबर ख्याल व नजर रहता है। आज हमीं पर लोग सवाल करते हैं। इस मौके पर मौलाना अबुल खैर किला, मौलाना फाइक साहब, मोहम्मद इरफान, मोहम्मद तबरेज, मोहम्मद फरहान, मोहम्मद तस्दीक, अनस, मोहम्मद इमरान, नजीरुन, अमीना, खुतोजा लोग मौजूद रहे इस मौके पर जामिया फैजानुल उलूम के हाफिज व कारी इसराइल साहब किबला प्रिंसिपल मदरसा ने सभी का शुक्रिया अदा किया।

# बैगलेस दिवस पर विद्युत उपकेंद्र पर छात्रों ने सीखे ऊर्जा तंत्र के गुर

अखंड भारत संदेश

**कौंधियारा।** नई शिक्षा नीति के अनुरूप अनुभव आधारित शिक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उच्च प्राथमिक विद्यालय उमरी तालुका, कौंधियारा द्वारा माह के तृतीय शनिवार को शैक्षिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय के उच्च कक्षाओं में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को करछना स्थित विद्युत उपकेंद्र हथीगन का शैक्षिक दौरा कराया गया।



उपकेंद्र में ऊर्जा तंत्र की जानकारी प्राप्त करते उमरी तालुका विद्यालय के विद्यार्थी

भ्रमण से पूर्व विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों को बिजली के उत्पादन, ट्रांसमिशन तथा वितरण की प्रारंभिक जानकारी दी गई। इसके बाद निर्धारित बस से सभी छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक उपकेंद्र पहुंचे, जहां तकनीकी कर्मचारियों ने ट्रांसफार्मर, फीडर, इनवर्टर, अमीटर और वोल्टमीटर सहित विभिन्न उपकरणों का परिचय कराते हुए उनकी कार्यप्रणाली का विस्तृत विवरण दिया।

भ्रमण का नेतृत्व कर रहे वरिष्ठ विज्ञान शिक्षक अरविंद कुमार मिश्र ने एनटीपीसी मेजा से शुरू होने वाली उत्पादन प्रक्रिया, उपकेंद्र तक विद्युत के प्रवाह तथा उपकेंद्र द्वारा वोल्टेज परिवर्तन कर ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचाने की पूरी प्रणाली को सरल ढंग से समझाया। विद्यालय लौटने पर छात्रों को रोबोटिक्स गतिविधि के साथ-साथ पत्तों से पर्यावरण-अनुकूल वर्तन निर्माण की प्रक्रिया भी प्रदर्शित की गई। कार्यक्रम की सफलता में उपकेंद्र कर्मचारियों, विद्यालय के शिक्षकों अरविंद कुमार मिश्र, सुशील चंद्र, शत्रुघ्न प्रसाद शुक्ल, महेंद्र सिंह, राजेश सोनकर तथा अभिभावकों का सहयोग सराहनीय रहा।

# वायरल रील ने उछाले सवाल, थाना परिसर में सुरक्षा चूक उजागर

**कौंधियारा।** यमुनापार के कौंधियारा थाना परिसर में बनी एक रील ने पुलिस व्यवस्था की निष्पक्षता और सुरक्षा मानकों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। गन हाउस जैसे संवेदनशील स्थान पर दो युवकों का पहुंच जाना और वहां बेखौफ रील शूट करना पुलिस की निगरानी व्यवस्था को कटघरे में खड़ा कर रहा है। वीडियो में युवक थाना प्रभारी के साथ सेल्फी लेते दिखाई दे रहे हैं। वायरल वीडियो की पुष्टि अखण्ड भारत संदेश अखबार नहीं करता है।

शुक्रवार शाम इंस्टाग्राम पर पोस्ट हुई यह रील कुछ ही घंटों में सोशल मीडिया पर तेजी से फैल गई। वीडियो में बैकग्राउंड में बज रहे विवादित गाने के बोलों ने मामले को और संवेदनशील बना दिया। घटना सामने आने पर थाना प्रभारी ने पहले जानकारी से इनकार किया, बाद में विभागीय जांच का हवाला दिया। डीसीपी यमुनापार विवेक चंद्र यादव ने इसे गंभीर सुरक्षा चूक मानते हुए तत्काल जांच और आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

# ट्रेन की चपेट में आने से युवती की मौत

**करछना।** यमुनापार स्थित औद्योगिक थाना क्षेत्र के करछना रेलवे स्टेशन पर शनिवार सुबह एक युवती ट्रेन की चपेट में आने से मौत का शिकार हो गई। घटना के बाद स्टेशन परिसर में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पाकर रेलवे पुलिस और औद्योगिक थाने की टीम मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू की। पुलिस ने आसपास मौजूद लोगों से घटना के संबंध में जानकारी एकत्र की तथा शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई में जुट गई।

# ब्लॉक स्तरीय नॉलेज शेयरिंग कार्यक्रम में शिक्षकों ने साझा किए नवाचार

अखंड भारत संदेश

**पीएम श्री स्कूल पीड़ी में आयोजित नॉलेज शेयरिंग कार्यक्रम में शामिल हुए शिक्षकगण**

**प्रयागराज।** खंड शिक्षा अधिकारी अरुण अवस्थी के नेतृत्व में पीएम श्री स्कूल पीड़ी परिसर में ब्लॉक स्तरीय नॉलेज शेयरिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्राथमिक स्तर के सभी शिक्षक संकुलों के प्रतिभागी शिक्षकों ने भाषा, गणित एवं पर्यावरण विषय पर अपने-अपने नवाचार साझा किए।

एआरपी रामबाबू पटेल, नीरज मिश्रा और अनित मिश्रा ने संबोधित करते हुए कहा कि यह प्रक्रिया बच्चों की बौद्धिक क्षमता, अवधारणात्मक समझ और विषय बोध को विकसित करने में अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। प्रतिभागी शिक्षकों में ममता कनोजिया, गीता रानी, खुर्शीद अकरम सिद्दीकी, वृंदा यादव, स्वाति सिंह, शालिनी, सुनील कुमार सिंह, निरंजन सिंह, देवानंद सहित अन्य मौजूद रहे।



# स्त्री रोग कैंसर पर छात्राओं को मिला विशेषज्ञों का मार्गदर्शन

## सरोजिनी नायडू हॉस्टल में जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय के सरोजिनी नायडू गर्ल्स हॉस्टल में शनिवार को स्त्री रोग कैंसर, विशेषकर स्तन एवं गर्भाशय कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक विशेष संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन अनिकेत स्माइल फाउंडेशन, जसरा के सहयोग से किया गया। आरंभ में मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण के बाद मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का स्वागत डॉक्टर अन्विता रघुवंशी ने पुष्पगुच्छ और मोमेंटो प्रदान कर किया।



स्त्री रोग कैंसर जागरूकता कार्यक्रम के दौरान मौजूद छात्र व विशेषज्ञ चिकित्सक।

मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय की प्रोफेसर अनुराधा अग्रवाल ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाव के लिए जागरूकता ही सबसे प्रभावी उपाय है। विशेषज्ञ वक्ता, प्रयागराज मेडिकल कॉलेज के कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. देव कुमार यादव ने स्तन कैंसर के कारण, शुरूआती लक्षण, स्वयं जांच की विधियां और आधुनिक उपचार पद्धतियों पर विस्तृत जानकारी दी। वहीं कमला नेहरू हॉस्पिटल की स्त्री रोग कैंसर विशेषज्ञ डॉ. रुबी गुप्ता ने गर्भाशय कैंसर के लक्षण, संक्रमण के कारण और इससे बचाव से जुड़ी आवश्यक जानकारियां साझा कीं। इलाहाबाद विश्वविद्यालय की डॉ. सरोज यादव ने छात्राओं को संदेश दिया कि कैंसर से डरने की नहीं, बल्कि समय पर जांच और जागरूकता के माध्यम से इसका सामना करने की जरूरत है। कार्यक्रम में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछे और विशेषज्ञों से अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया।

धन्यवाद ज्ञापन डॉ. मीनाक्षी जोशी ने किया, जबकि संचालन अंशी पांडे ने संभाला। लगभग दर्जनों छात्राओं की सक्रिय सहभागिता के साथ कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### वृद्ध दम्पत्ति को मार पीट कर कलाई तोड़ी, दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** जानवरों से फसलों को बचाने के लिए वृद्ध दम्पत्ति खेत में बांस गाड़ रहा था। जिन्हें विपक्षियों ने मार पीट कर कलाई तोड दी। पुलिस ने दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम उधवपुर खगिया निवासी श्रीपति मिश्रा 80 वर्ष और उनकी पत्नी उमा मिश्रा 75 वर्ष अपने खेतों में लगी फसलों को जानवरों से बचाने के लिए बांस गाड रहे थे। आरोप है कि विपक्षी आकर रोककर गालियां दी और जान से मारने की धमकी देते मारे पीटे जिससे उमा मिश्रा की कलाई टूट गई।घायल वृद्ध दम्पत्ति के नाती अनिमेष पांडेय पुत्र अनिरूद्ध कुमार निवासी सुन्दरबाग थाना शिवकुटी ने मऊआइमा थाने में ममता दूबे और उपेन्द्र दूबे उर्फ बचई के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिए हैं।

### जमीन विवाद में महिला और परिवार पर हमला

**करछना।** थाना क्षेत्र के खांई, तेजई का पूरा गांव में जमीन विवाद को लेकर एक महिला और उसके परिवार पर हमला किए जाने का मामला सामने आया है। घटना 12 नवंबर 2025 की है, जब उपजिलाधिकारी के आदेश के बाद उर्मिला देवी अपने पति लाल बहादुर, जेठ राजित राम, देवरानी रीता देवी और भतीजे मनीष के साथ चिह्नित जमीन पर मेड़बंदी कर रही थीं। आरोप है कि इसी दौरान कुछ लोग हथियार लेकर पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए परिवार पर लाठी-डंडों और बंदूक के बट से हमला कर दिया। उर्मिला देवी का कहना है कि महिलाओं और युवक को जमीन पर घसीटकर पीटा गया। शोर सुनकर ग्रामीणों के पहुंचते ही हमलावर जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। पीड़िता ने करछना थाने में तहरीर देकर सख्त कार्रवाई की मांग की है, हालांकि अब तक एफआईआर दर्ज नहीं हुई है।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज में दिया आश्वासन कहा- माघ मेला में सुविधा संग संतों-श्रद्धालुओं को मिलेगी सुरक्षा





**प्रयागराज।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज में कहा कि माघ मेला में कल्पवासियों, संतों और श्रद्धालुओं को उत्कृष्ट सुविधाएं मिलेंगी। इसके साथ ही सुरक्षा के भी तगड़े प्रबंध होंगे। एआइ कैमरों से मेला क्षेत्र की निगरानी होगी। उच्च क्षमता के कैमरे भी लगाए जाएंगे। पहली बार माघ मेला टेंट सिटी बसाई जाएगी, जिसमें 200 कैंप होंगे। पहले सिर्फ कुंभ व महाकुंभ में ही टेंट सिटी बसाई जाती थी।

माघ मेला के कुशल आयोजन के लिए सबसे पहले मुख्यमंत्री ने संगम पर गंगा पूजन किया। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आरती भी उतारी। इसके बाद उन्होंने प्रयागराज मेला प्राधिकरण के सभागार में मेला की तैयारियों की समीक्षा की।

इसके बाद मीडिया से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि मेला की तैयारियां तेज हो गई है। सभी विभागों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। बताया कि गंगा में कटान निरोधक कार्य तथा जल की उपलब्धता के लिए सिंचाई विभाग को जिम्मेदारी सौंपी गई है। शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की जिम्मेदारी जल निगम पर है।

श्रद्धालुओं के उपचार के लिए 20-20 बेड के दो अस्पताल बनाए जा रहे हैं। मेला में 12 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, एक वेक्टर कंट्रोल यूनिट, पांच आयुर्वेदिक और पांच होम्योपैथिक चिकित्सालय की स्थापना होगी। यहां 50 एंबुलेंस की व्यवस्था भी की जा रही है।

नगर विकास विभाग द्वारा पर्याप्त मात्रा में शौचालय और स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था होगी। इस बार 25 हजार शौचालय, आठ हजार डस्टबिन, तीन हजार सफाई कर्मी मेले के दौरान रहेंगे। सात सेक्टर में बसने वाले मेला के लिए 42 स्थान पर अलग-अलग रूट से आने वाले जो श्रद्धालुओं के लिए पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी।

सुरक्षा के लिए मेला क्षेत्र में 17 थाने 42, पुलिस चौकी, 20 फायर टेंडर साथ अग्निशमन चौकी रहेगी। लगभग 400 एआइ कैमरे से क्राउड मैनेजमेंट और क्लाउड डेंसिटी एनालिसिस और इंसिडेंट रिपोर्टिंग, स्वच्छता सुरक्षा निगरानी की व्यवस्था की जाएगी। यातायात और भीड़ नियंत्रण के लिए अंतरजनपदीय और अंतरराज्यीय योजना भी विकसित करने के लिए निर्देश दिए गए हैं। माघ मेला के लिए 3800 परिवहन निगम की बसें लगाई जाएंगी।

### हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति के यहां वैवाहिक कार्यक्रम में हुए शामिल

शनिवार सुबह लगभग 10.20 बजे मुख्यमंत्री प्लेन से बमरौली एयरपोर्ट पहुंचे। वहां से कार से वह हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति एमसी त्रिपाठी के यहां वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल हुए। फिर रामबाग स्थित शहर उत्तरी के विधायक हर्षवर्धन वाजपेयी के यहां हनुमान मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल हुए। इसके बाद वह मेला क्षेत्र पहुंचे थे।

## माघ मेला में आने वाले स्नानार्थियों की सुरक्षा के लिए की जा रही है विशेष तैयारी

- तीन किमी की वाटर लाइन से नावों को मिलेगी दिशा
- चार प्रमुख स्नान घाट पर बनाई जाएगी रेस्क्यू चौकी
- मुख्यमंत्री योगी ने तैयारियों की समीक्षा कर दिए निर्देश

**प्रयागराज।** दिव्य और भव्य महाकुंभ की तरह इस बार के माघ मेले में भी स्नानार्थियों की सुरक्षा को लेकर विशेष इंतजाम किया जा रहे हैं। गंगा, यमुना और स्नान घाटों पर करीब आठ किलोमीटर की डीप वाटर बैरिकेडिंग की जाएगी। बैरिकेडिंग में प्लास्टिक की जाली भी लगी रहेगी, ताकि नीचे गिरने पर कोई श्रद्धालु गहरे पानी तक नहीं जा सकेंगे।

टँ टी" 2026 इसके साथ ही नावों के बेहतर ढंग से संचालन के लिए लगभग तीन किलोमीटर की वाटर लाइन तैयार की जाएगी। इससे संगम नोज तक आने-जाने वाले नाविकों को नाव चलाने के दौरान दिशा मिल सके। तीर्थयात्रियों की तत्काल सहायता और बचाव के लिए चार प्रमुख घाट पर जल पुलिस की रेस्क्यू चौकी भी बनाई जाएगी। वहां पर जल पुलिस के जवान और प्रशिक्षित गोताखोर तैनात रहेंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि माघ मेले में करीब 12 से 15 करोड़ के श्रद्धालुओं, स्नानार्थियों, कल्पवासियों और तीर्थयात्रियों के आने का अनुमान है। उन्होंने पुलिस की ओर से की जा रही तैयारियों को लेकर समीक्षा की और आवश्यक निर्देश भी दिए।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि कि संगम नोज, हनुमानघाट, रामघाट, कालीघाट, दशाश्वमेध, नागवासुकी, छतनाग, दंडीबाड़ा, पुराना अरैल, सोमेश्वर नाथ, सरस्वती घाट, गऊ और बलुआघाट समेत कई अन्य जरूरी स्थानों पर डीप वाटर बैरिकेडिंग की जाएगी। इसकी कार्ययोजना तैयार कर ली गई और जल्द ही मूर्तरूप दिया जाएगा।

जल पुलिस का थाना और कंट्रोल रूम के अलावा दशाश्वमेघ, छतनाग, संगम नोज व अरैल घाट पर रेस्क्यू चौकी बनाई जाएगी। वाटर पेट्रोलिंग और दूसरी कार्यवाही के लिए मोटर बोट, मोटर एंबुलेंस सहित दूसरे संसाधन का बेहतर ढंग से इस्तेमाल किया जाएगा। इसके लिए जल पुलिस प्रभारी रविंद्र नाथ को अहम जिम्मेदारी दी गई है।

**एसपी माघ मेला ने कहा**

एसपी माघ मेला नीरज पांडेय का कहना है कि स्नान घाट से लेकर दूसरे प्रमुख स्थानों पर स्नानार्थियों की सुविधा व सुरक्षा के लिए लगभग आठ किलोमीटर की डीप वाटर बैरिकेडिंग की जाएगी। नावों के बेहतर संचालन के लिए वाटर लाइन भी बनाई जाएगी। इसके लिए तैयारी शुरू कर दी गई है।

## दिव्यांगजनों में दिव्य रचनात्मक क्षमता होता है : न्यायमूर्ति क्षितिज शैलेन्द्र

**अखंड भारत संदेश**




**प्रयागराज।** दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग एवं उत्तर प्रदेश मूक बधिर विद्यालय, प्रयागराज के संयुक्त सहयोग से उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, प्रयागराज में त्रिदिवसीय दिव्य कला एवं कौशल प्रदर्शनी के समापन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य अतिथि माननीय न्यायमूर्ति क्षितिज शैलेन्द्र एवं विशिष्ठ अतिथि के रूप में माननीय न्यायमूर्ति विपिन चन्द्र दीक्षित, माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद रहे। माननीय न्यायमूर्ति ने दिव्यकला एवं कौशल प्रदर्शनी में दिव्यांगता के क्षेत्र में कार्यरत एवं सरकारी विभागों के स्टालों का अवलोकन किया। माननीय न्यायमूर्ति जी ने दिव्यांगजनों के हितार्थ उत्तर प्रदेश मूक बधिर विद्यालय द्वारा संचालित कौशल प्रशिक्षण स्टाल का भी अवलोकन किया। उक्त कार्यक्रम में माननीय न्यायमूर्ति द्वारा अपने उद्बोधन में कहा कि दिव्यांगजनों में दिव्य रचनात्मक क्षमता होता है। इस अवसर पर 50 दिव्यांग बच्चों को श्रवण यंत्र, एम०आर० किट एवं टिफिन बॉक्स वितरित किया। त्रिदिवसीय इस प्रर्दशनी के समापन सत्र में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए। इस त्रिदिवसीय प्रदर्शनी में बचपन डे केयर सेण्टर, प्रयागराज, उत्तर प्रदेश मूक बधिर विद्यालय, प्रयागराज, भाविनी वेलफेयर सोसाइटी, माता कलावती कालेज, उडान स्पेशल स्कूल, ट्रेन ट्रस्ट, जन चेतना संस्थान, सक्षम इत्यादि स्वैच्छिक एवं विभागीय संस्था ने प्रतिभाग किया। इस समापन सत्र में अभय कुमार श्रीवास्तव, उपनिदेशक दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, प्रयागराज मण्डल, प्रयागराज, अशोक कुमार गौतम, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, प्रयागराज, डा० के०एन० मिश्र, प्रधानाचार्य उत्तर प्रदेश मूक बधिर विद्यालय, प्रयागराज, विकास पाण्डेय जिला समन्वयक समेकित शिक्षा, प्रयागराज एवं संदेश मिश्र पाठ्यक्रम समन्वयक उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता डा० प्रभाकर त्रिपाठी द्वारा किया गया।

## पहली बार मेला के बाद संगम पर साल भर सुविधाओं के बजट को मंजूरी

- संगम पर वर्ष भर सुविधा बनी रहे, इसके लिए आठ करोड़ रुपये से होंगे काम
- अब तक मेला के लिए कुल 42 करोड़ रुपये शासन से हो चुके हैं आवंटित



**प्रयागराज।** मुख्यमंत्री की उपस्थिति में आयोजित माघ मेला की समीक्षा बैठक में सबसे पहले कार्यों की प्रगति और कौन से काम कब तक पूरे हो जाएं, कहां पर चुनौती है, इस पर विस्तार से चर्चा की गई है। इसके बाद मेला के बजट पर वार्ता हुई। पहली बार माघ मेला के बाद वर्ष पर्यंत संगम पर सुविधाओं के लिए पहले ही बजट की स्वीकृति दी गई है।

माघ मेला के कुल बजट 122 करोड़ रुपये का प्रस्ताव तैयार हुआ है, जिसमें शासन से 42 करोड़ रुपये अब तक आवंटित किए जा चुके हैं। मेला के बाद संगम पर व्यवस्थाओं के लिए आठ करोड़ रुपये का प्रस्ताव है। मेला में सबसे बड़ा बजट प्रयागराज मेला प्राधिकरण है। प्राधिकरण का बजट 71 करोड़ 85 लाख रुपये का है जिसमें सैनिटेशन कार्य भी शामिल है।

मेला के बाद साल भर के प्रबंध के लिए प्राधिकरण का बजट छह करोड़ 55 लाख रुपये प्रस्तावित है। प्राधिकरण के बजट में सबसे ज्यादा सफाई व सैनिटेशन का खर्च शामिल है। मेला में सफाई और सैनिटेशन कार्यों के लिए कुल 3300 सफाई मित्रों को 24 घंटे तैनात किया जाएगा। उनके लिए सैनिटेशन कालोनी एवं बच्चों की खातिर आंगनबाड़ी केंद्र तथा प्राथमिक विद्यालय भी संचालित किया जाएगा।

सफाई मित्रों का वेतन प्रत्येक 15 दिनों में सीधे उनके खाते में भेजा जाएगा। सफाई मित्रों को वेतन व सफाई से संबंधित अन्य कार्यों के खर्च का भुगतान स्वच्छ कुंभ कोष से किया जाएगा। मेला में 23700 टायलेट की व्यवस्था की जा रही है, जिसके लिए सात वेंडर लगाए गए हैं। सभी टायलेट 15 दिसंबर तक स्थापित कर दिए जाएंगे। दो हजार यूरिनल लगेंगे, जिसके लिए पांच वेंडर हैं। मेला के परेड मैदान में छह सामुदायिक कंटेनर टायलेट लगेंगे।

इसके साथ ही 25 हापर टिपर, 12 काम्पैक्टर, 8000 कूड़ेदान व 10 लाख लाइनर बैग के प्रबंध किए जा रहे हैं। मेलाधिकारी ऋषि राज ने बताया कि 15 दिसंबर तक टायलेट्स व यूरिनल्स क्रियाशील कर दिए जाएंगे। जबकि टिपर व काम्पैक्टर अभी से ही संचालित किए जा रहे हैं।

स्नानार्थियों की सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। गंगा और यमुना के घाटों पर लगभग 8 किमी की डीप वाटर बैरिकेडिंग होगी, जिसमें प्लास्टिक की जाली भी लगाई जाएगी। नावों के बेहतर संचालन के लिए 3 किमी की वाटर लाइन बनेगी। चार प्रमुख घाटों पर जल पुलिस की रेस्क्यू चौकी स्थापित की जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 12 से 15 करोड़ श्रद्धालुओं के आने का अनुमान जताया है।

### समाधान दिवस पर राजस्व संबंधित आये तीन मामले : मौके पर कोई निस्तारण नहीं

**थरवई।** थाना प्रभारी संतोष कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें कुल तीन मामले आये तीन मामले राजस्व विभाग जुड़े थे। आये मामले का मौके पर निस्तारण नहीं हो सका निस्तारण। राजस्व व पुलिस की संयुक्त गठित टीम कर निस्तारण हेतु भेजा गया। इंस्पेक्टर संतोष कुमार पाण्डेय ने गठित टीमों को आवश्यक कार्यवाही करने एवं जल्द से जल्द शिकायतों को समाधान करने के लिए निर्देश दिये। मौके पर अतिरिक्त निरीक्षक पारस नाथ, एस एस आई दीपक कुमार, ग्राम प्रधान महेंद्र गिरि, राजस्व से विभाग से लेखपाल अरविंद कुमार यादव, यतेंद्र तिवारी, नीरज पटेल सहित मौजूद रहे।

## नाजरेथ अस्पताल में सीनियर डाक्टर पर प्राणघातक हमला

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** नाजरेथ अस्पताल प्रयागराज में शनिवार को एक सीनियर डॉक्टर पर एक गंभीर हिंसक घटना घटी है जहाँ ड्यूटी पर मौजूद एक डॉक्टर पर उनके परामर्श कक्ष के अंदर शारीरिक हमला किया गया। शनिवार को लगभग 12:30 बजे दोपहर, दीपक शुक्ला, निवासी चादपुर सलोरी, अपने साथ शिवम अग्रहरी, विवेक अग्रहरी, हिमांशु सिंह तथा 4-5 अन्य व्यक्तियों के साथ जबरन चैंबर नंबर 2 में घुस आया, जहाँ डॉ. आर. पी. शुक्ला मरीजों को देख रहे थे। बिना किसी उकसावे के दीपक शुक्ला ने डॉक्टर के साथ मारपीट की और उनका गला दबाकर जान से मारने का प्रयास किया जिससे नाजरेथ अस्पताल में हड़कंप मच गया । हमले के दौरान, हस्तक्षेप करने की कोशिश कर रही एक महिला मरीज और ड्यूटी पर मौजूद नर्स पर भी हमला किया गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए, सुरक्षा कर्मी तुरंत वहाँ पहुँचे, डॉक्टर को हमलावरों से बचाया और आगे की क्षति को रोका। घायल डॉक्टर, मरीज और नर्स को तत्काल उपचार के लिए इमरजेंसी विभाग में ले जाया गया।नाजरेथ अस्पताल इस निर्दयतापूर्ण हमले की कड़े शब्दों में निंदा करता है। अस्पताल प्रशासन ने पुनः स्पष्ट किया है कि स्वास्थ्यकर्मियों पर हिंसा एक दंडनीय अपराध है, और ऐसे किसी भी घटना को बिल्कुल भी सहन नहीं किया जाएगा।

## संकट की घड़ी में जनहित में किया गया सहयोग है अत्यंत सराहनीय : देवेंद्र फडणवीस

### डीजीएस ग्रुप के निदेशक ईश्वरदेव शुक्ला ने महाराष्ट्र मुख्यमंत्री को बतौर जनहित में सहयोग के लिए भेंट किया एक करोड़ रुपए की सहयोग राशि

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा।** मेजा तहसील क्षेत्र के विकास खंड उरुवा के कुंवरपट्टी गांव निवासी डीजीएस ग्रुप के निदेशक ईश्वरदेव शुक्ला की ओर से बीते मंगलवार को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री राहत कोष में एक करोड़ रुपये का योगदान दिया गया। ग्रुप के निदेशक इश्वरदेव शुक्ला ने यह सहयोग राशि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को एक करोड़ रुपये का चेक भेंट कर प्रदान किया है। इस दौरान चेक प्राप्त करते हुए मुख्यमंत्री फडणवीस ने डीजीएस ग्रुप और निदेशक इश्वरदेव शुक्ला के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि संकट की घड़ी में जनहित के लिए किया गया यह योगदान अत्यंत ही सराहनीय है। उन्होंने आगे कहा कि इस सहयोग राशि से सरकार को राहत कार्यों में महत्वपूर्ण सहयोग मिलेगा। कार्यक्रम के दौरान डीजीएस ग्रुप की इस सामाजिक प्रतिबद्धता और जनसेवा की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की भी जमकर प्रशंसा की गई ।


महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को एक करोड़ का चेक भेंट करते डीजीएस ग्रुप के निदेशक ईश्वरदेव शुक्ला

## स्वास्थ्य शिक्षा और सड़क जैसी बुनियादी विकास कार्यों पर ध्यान देना है बेहद अहम : डा जोशी

### भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त डॉ जीवीजी कृष्णमूर्ति की पुण्यतिथि पर क्षेत्र के भाजपा नेता प्रेमशंकर सिंह ने डा मुरली मनोहर जोशी से की आत्मीय मुलाकात प्रयागराज की राजनीति पर की चर्चा

**अखंड भारत संदेश**


डा मुरली मनोहर जोशी से आत्मीय मुलाकात करते भाजपा नेता प्रेमशंकर सिंह

**मेजा।** भारत सरकार के पूर्व विधि सचिव एवं मुख्य चुनाव आयुक्त डॉ. जीवीजी कृष्णमूर्ति कीपुण्यतिथि पर आयोजित संगोष्ठी में भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.मुरली मनोहर जोशी समेत कई प्रबुद्ध लोग उपस्थित हुए। कार्यक्रम के दौरान मेजा क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता प्रेम शंकर सिंह ने डॉ. जोशी से आत्मीय मुलाकात की। इस दौरान डॉ. जोशी ने प्रयागराज की राजनीति पर चर्चा की और कहा कि प्रयागराज से मेरा आत्मीय लगाव है। संगोष्ठी में भाजपा नेताओं ने प्रयागराज की शिक्षा व्यवस्था, क्षेत्रीय विकास, सांस्कृतिक धरोहर और लोकतांत्रिक मूल्यों के साथ वर्तमान अंतिम सांस तक बना रहेगा। मुलाकात के दौरान प्रेम शंकर सिंह ने प्रयागराज एवं मेजा क्षेत्र से जुड़े विकास कार्यों, ग्रामीण समस्याओं और संगठनात्मक मुद्दों पर विस्तृत जानकारी साझा किया। डॉ. मुरली मनोहर जोशी ने कहा कि प्रयागराज की जनता जागरूक है और क्षेत्र में शिक्षा, सड़क व स्वास्थ्य जैसे बुनियादी विकास कार्यों पर निरंतर ध्यान देना जरूरी है। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने डॉ. कृष्णमूर्ति के योगदान को नमन करते हुए लोकतंत्र और निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता पर चर्चा की। कार्यक्रम के इस मौके पर कई प्रबुद्धजन प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों को उनकी शिक्षा दीक्षा हेतु समय देना है बेहद अहम : अतुल वैभव

### लाला लक्ष्मी नारायण इंटर कालेज में दिव्यांग बच्चों की तहसील स्तरीय प्रतियोगिता और अभिभावक काउंसलिंग कार्यक्रम संपन्न

**अखंड भारत संदेश**


मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते मुख्य अतिथि

**मेजा।** शनिवार को क्षेत्र के लक्ष्मी नारायण इण्टर कालेज में तहसील स्तरीय दिव्यांग बच्चों के लिए खेलकूद प्रतियोगिता और अभिभावक परामर्श कार्यक्रम का तीसरा चरण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में मेजा, मांडा और विकास खंड उरुवा के लगभग सौ दिव्यांग बच्चों ने अपने अभिभावकों के साथ उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। ?कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य दिव्यांग बच्चों को मिलने वाली सरकारी सुविधाओं जैसे एस्कार्ट अलाउंस, स्टाइपेंड बालिकाओं को मेडिकल असेसमेंट कैंप, उपकरण मापन एवं वितरण शिविर आदि के विषय में अभिभावकों को विस्तार से जानकारी प्रदान करना और दिव्यांग बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष मनीष तिवारी ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बार एसोसिएशन मेजा के मंत्री अतुल वैभव द्विवेदी ने बच्चों को पुरस्कार वितरित करते हुए अपने संबोधन में कहा कि सरकारी सुविधाओं से कुछ राहत तो मिलेगी, लेकिन अभिभावकों को भी ऐसे छात्रों को थोड़ा अधिक समय देने की आवश्यकता है।

गौरतलब है कि ब्लाक के व्यायाम शिक्षक विवेकानंद पाण्डेय की देखरेख में समस्त खेलकूद प्रतियोगिताएं संपन्न हुईं। जिसमे चित्रकला बालिका वर्ग में इसिका प्रथम, अनीसबा द्वितीय तथा मान्यता तृतीय स्थान प्राप्त किया। सौ मीटर दौड़ बालक वर्ग में शिवम्‌ प्रथम, अरशद द्वितीय तथा आलोक तृतीय स्थान पर रहे। कुर्सी दौड़ में सिद्धार्थ प्रथम, शिवम द्वितीय तथा अरशद तृतीय स्थान पर रहे। ?कार्यक्रम को सफल बनाने में आनंद तिवारी, सुहास मिश्र, सुशील स्पेशल एजुकेटर, विनोद मिश्रा, फूलचंद, संतोष मिश्रा, अमरेश यादव, अजीत कुमार मिश्रा, प्रदीप कुमार गुप्ता, धीरेन्द्र कुमार, सीरत नसीम, सूर्य किशोर, अनामिका पांडेय, सचिन उपाध्याय आदि शिक्षकों और अभिभावकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# डीएम ने बिजली बिल राहत योजना के सफल क्रियान्वयन के सम्बन्ध में की बैठक

● बिजली उपभोक्ता बिजली बिल राहत योजना का उठाये लाभ, करायें पंजीकरण

● बिजली बिल राहत योजना का कैम्पों के माध्यम से व्यापक प्रचार प्रसार करायें-डीएम



अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय के सभागार में बिजली बिल राहत योजना के सफल क्रियान्वयन को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक की गयी। बैठक में अधीक्षण अभियन्ता विद्युत छैल बिहारी ने बिजली बिल राहत योजना के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी देते हुये बताया कि उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) ने ह्यह्यबिजली बिल राहत योजना 2025-26 को लागू करने की घोषणा की है। यह योजना 01 दिसम्बर 2025 से 28 फरवरी तक तीन चरणों में लागू रहेगी। इस योजना के उद्देश्य नेवर पेड और लॉन्ग अनपेड बिजली उपभोक्ताओं को बकाया बिलों में राहत देना और बिजली चोरी के सभी मामलों में राजस्व निर्धारण में छूट प्रदान कर प्रकरणों को समाप्त करना है। सभी पात्र उपभोक्ताओं योजना का लाभ उठाने के लिये विभागीय खण्ड/उपखण्ड कार्यालय, कैश काउन्टर, यूपीपीसीएल कन्ज्यूमर एप, विभागीय वेबसाइट, जनेसवा केन्द्र, विद्युत सखी, मीटर रीडर या फिनटेक प्रतिनिधियों के माध्यम से पंजीकरण करा सकते है।योजना का प्रथम चरण 01 दिसम्बर से 31 दिसम्बर, द्वितीय चरण 1 जनवरी से 31 जनवरी तथा तृतीय चरण 1 फरवरी से 28 फरवरी तक लागू रहेगी। इसके लिये पंजीकरण करना अनिवार्य है। योजना के पात्रता में एल0एम0वी0-1 (घरेलू बत्ती एवं पंखा) अधिकतम 02 किलोवाट भार तक के नेवर पेड और लॉन्ग अनपेड उपभोक्ता, एल0एम0वी0-2 (वाणिज्यिक) 01 किलोवाट भार के नेवर पेड और लॉन्ग अनपेड उपभोक्ता है। नेवर पेड वह उपभोक्ता है जिन्होने 31.03.2025 या उससे पहले संयोजन तिथि होने के बावजूद कभी भुगतान नहीं किया। लॉन्ग अनपेड वह उपभोक्ता है जिन्होने अंतिम भुगतान 31.03.2025 या उससे पहले किया हो। आर0सी0 निर्गत होने या संयोजन स्थाई रूप से विच्छेदित होने पर भी लाभ दिया जा सकता है। विवादित एवं विभिन्न न्यायालयों में लम्बित प्रकरण वाले उपभोक्ता भी पंजीकरण करा सकते है लेकिन उन्हें केस वापस लेने का घोषणा पत्र देना होगा। उपभोक्ता को पंजीकरण के समय रुपए 2 हजार का भुगतान करना होगा। विकल्प-1 में एक मुश्त भुगतान पर पंजीकरण की तिथि तक विलम्बित भुगतान अधिभार (सरचार्ज) में 100 प्रतिशत छूट मिलेगी। इसके अतिरिक्त 31.03.2025 तक के मूल बकाये पर प्रथम चरण में 25 प्रतिशत, द्वितीय चरण में 20 प्रतिशत एवं तृतीय चरण में 15 प्रतिशत से अतिरिक्त छूट मिलेगी। विकल्प-2 में रुपए 750 की मासिक किश्त में भुगतान करने पर सरचार्ज में 100 प्रतिशत छूट, इसके अलावा 31.03.2025 तक के मूल बकाये पर प्रथम चरण, द्वितीय चरण एवं तृतीय चरण में 10-10 प्रतिशत अतिरिक्त छूट मिलेगी। विकल्प-3 में 500 रुपए की मासिक किश्त में सरचार्ज में 100 प्रतिशत छूट, इसके अलावा 31.03.2025 तक के मूल बकाये पर प्रथम चरण, द्वितीय चरण एवं तृतीय चरण में 5-5 प्रतिशत की छूट मिलेगी। बिजली चोरी के प्रकरण में राजस्व निर्धारण धनराशि पर छूट प्राप्त करने के लिये पंजीकरण करना होगा। पंजीकरण शुल्क रुपए 2 हजार या राजस्व निर्धारण धनराशि का 10 प्रतिशत जो भी अधिक हो होगा। पंजीकरण के प्रथम चरण में छूट राजस्व निर्धारण धनराशि का 50 प्रतिशत (पंजीकरण की धनराशि सम्मिलित करते हुये) और शमन शुल्क का भुगतान करने पर मिलेगी। पंजीकरण के द्वितीय चरण में छूट राजस्व निर्धारण धनराशि का 55 प्रतिशत (पंजीकरण की धनराशि को सम्मिलित करते हुये) और शमन शुल्क का भुगतान करने पर मिलेगी। पंजीकरण के तृतीय चरण में छूट राजस्व निर्धारण धनराशि का 60 प्रतिशत (पंजीकरण की धनराशि को सम्मिलित करते हुये) और शमन शुल्क का भुगतान करने पर मिलेगी। बैठक में जिलाधिकारी ने अधीक्षण अभियन्ता विद्युत को निर्देशित किया कि तहसीलों में आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवसों में बिजली बिल राहत योजना के कैम्प लगाये जाये तथा इसका व्यापक प्रचार प्रसार किया जाये। महत्वपूर्ण बाजारों, चौराहों व कार्यालयों पर कैम्प लगाये जाये। बिजली बिल राहत योजना का जनपद स्तर पर एक व्यापक कार्यक्रम आयोजित किया जाये जिससे लोगों को जानकारी मिल सकी। बैठक में समस्त अधिशासी अभियन्ता विद्युत व विद्युत विभाग के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मतदाता सूची को शुद्ध और सटीक बनाने के लिए एसआईआर प्रक्रिया शुरू है

## राजा भइया के निर्देश पर जनप्रतिनिधियों और पार्टी के पदाधिकारीयों द्वारा बूथ स्तर पर जाकर लोगों किया जा रहा जागरूक करने का सराहनीय कार्य

अखंड भारत संदेश



**प्रतापगढ़।** कुंडा, जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व कैबिनेट मंत्री कुंडा विधायक कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भइया के निर्देश पर सभी पार्टी के पदाधिकारी बूथ स्तर पर जुट गए हैं और लोगों को एसआईआर प्रक्रिया के बारे में जागरूक करने का काम शुरू कर दिया है। राजा भइया ने सभी जनप्रतिनिधियों और पदाधिकारियों से अपील की है कि वे मतदाता सूची को सटीक बनाने के लिए आयोजित एसआईआर प्रक्रिया में भाग लें और लोगों को जागरूक करें। राजा भइया के प्रतिनिधि हरिओम शंकर श्रीवास्तव, जिला पंचायत अध्यक्ष पति कुलदीप पटेल, कुंडा प्रमुख संतोष सिंह, पूर्व प्रमुख बाबागंज हितेश प्रताप सिंह पंकज, प्रमुख पति राम यश सरोज, पूर्व प्रमुख प्रफुल्ल सिंह डब्बू, प्रमुख पति रामचंद्र सरोज, पूर्व प्रमुख बीएन सिंह, पूर्व प्रमुख बबलू सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष पति शिवकुमार तिवारी भगवन, नगर पंचायत अध्यक्ष कुंवर बहादुर पटेल, सहित जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी के बूथ स्तर के पदाधिकारी आम जन मानस को जागरूक करने का कार्य शुरू कर दिया है। राज भवन बेती में जनसुनवाई स्थगित है। राजा भइया की अपील है कि सभी जनप्रतिनिधि अपने-अपने क्षेत्र में लोगों को जागरूक करें और सहयोग करें बता दे की सूची को शुद्ध और सटीक बनाने के लिए एसआईआर प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसके तहत प्रत्येक वोटर को एसआईआर फॉर्म भरकर अपने बीएलओ के पास जमा करना अनिवार्य है।एसआईआर फॉर्म में जन्मतिथि, आधार संख्या, मोबाइल नंबर, पिता या अभिभावक का नाम और उनके ईपीआईसी संख्या भरनी होती है। बीएलओ घर-घर जाकर फॉर्म वितरित और जमा कर रहे हैं।ऑनलाइन भी एसआईआर फॉर्म भरा जा सकता है। इलेक्शन कमीशन की आधिकारिक वेबसाइट पर फॉर्म उपलब्ध है। मोबाइल नंबर स्पष्ट और साफ लिखें, जन्मतिथि सही भरें, क्योंकि गलत जानकारी से आवेदन प्रभावित हो सकता है। जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी के पदाधिकारियों द्वारा लोगों को जागरूक करने का सराहनीय कार्य किया जा रहा है जिससे आम जनमानस को समस्याओं का सामना न करना पड़े।

# डीएम ने मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यो का किया निरीक्षण दिया दिशा निर्देश



### एसआईआर कार्य में लापरवाही पर होगी कार्रवाई

**बेलखरनाथ धाम।** प्रतापगढ़ एसआईआर फार्म वितरण से लेकर अन्य कार्यों की समीक्षा जिलाधिकारी ने शनिवार को बूथों पर पहुंचकर किया।इस दौरान उन्होंने मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में हो रही देरी पर नाराजगी जताते हुए अविलम्ब कार्य पूरा करने का दिशा निर्देश दिया।विकासखंड बाबा बेलखरनाथ धाम के अंतर्गत शनिवार को डीएम शिव सहाय अवस्थी प्राथमिक विद्यालय उडैयाडीह प्रथम में पहुंचकर मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य की प्रगति जानी तथा बीएलओ को निर्देश दिया कि इस कार्य में तेजी लाएं नहीं तो कार्रवाई तय है। उन्होंने बीएलओ से कहा कि इस कार्य में लगे अन्य लोग लापरवाही कर रहे हो तो उनका नाम बताएं। इसके बाद जिलाअधिकारी ने गडौरी खुर्द के प्राथमिक विद्यालय का भी निरीक्षण किया तथा बीएलओ को दिशा निर्देश दिया कि अभिलंब एसआईआर का कार्य पूरा किया जाए नहीं तो कार्रवाई होगी।निरीक्षण के दौरान उनके साथ एडीएम व एसडीएम पट्टी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# कुश्ती भारतीय खेल का है स्वर्णिम धरोहर : प्रमोद तिवारी

### सेमरा में राष्ट्रीय दंगल प्रतियोगिता में दिल्ली के नवाज पहलवान को मिला चौम्पियनशिप खिताब



**लालगंज, प्रतापगढ़।** अठेहा क्षेत्र के सेमरा में दो दिवसीय राष्ट्रीय दंगल प्रतियोगिता में कई राज्यों के पहलवानो का रोमांचक दमखम देखने को मिला। छियासी हजार की रोमांचक फाइनल कुश्ती दिल्ली के नवाज पहलवान तथा राजस्थान के राजू पहलवान के बीच हुई। इसमें दिल्ली के नवाज ने राजू को पटखनी देते हुए फाइनल कुश्ती का खिताब अपने नाम किया। शुक्रवार की देर शाम हुए समापन समारोह में बतौर मुख्यअतिथि राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने विजेता पहलवानों को चौम्पियनशिप व शील्ड प्रदान किये। उन्होने क्षेत्रीय एवं जिले के पहलवानों के साथ अन्य राज्यों से आये हुए पहलवानों की हौसला आफजाई करते हुए स्वयं तथा विधायक आराधना मिश्रा मोना की ओर से नकद पुरस्कार भी बांटे। बतौर मुख्य अतिथि सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि कुश्ती भारतीय खेल प्रतियोगिता की स्वर्णिम धरोहर है। उन्होने कहा कि भारत के खिलाड़ियों के द्वारा कुश्ती के साथ अन्य खेल प्रतियोगिताओं में भी आज सफलताओं के साथ तिरंगे का परचम लहराया जा रहा है। उन्होने हाल ही में महिला विश्वकप क्रिकेट प्रतियोगिता में देश को मिली विश्व चौम्पियनशिप को भारतीय बेटियों के शौर्य का शानदार प्रदर्शन कहा। वहीं सांसद प्रमोद तिवारी ने विश्वस्तरीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता में भी भारतीय बेटियों के द्वारा हासिल किये गये सात स्वर्ण पदकों को भी देश के नाम अनूठा कीर्तिमान कहा। राष्ट्रीय दंगल प्रतियोगिता में फकीर बाबा व शैतान सिंह की कुश्ती देखकर हजारों दर्शक दांतो तले उंगली दबा बैठे। इसमें फकीर बाबा को विजय मिली। वहीं लकी थापा व ज्वाला सिंह के बीच कुश्ती में लकी बाबा व लॉडी बाबा एवं जल्लाद पहलवान की कुश्ती में लाडी बाबा ने जीत हासिल की। इसके पहले दंगल प्रतियोगिता आयोजन समिति के अध्यक्ष अनवारूल हसन ने समिति की ओर से सांसद प्रमोद तिवारी को सम्मानित किया। समापन समारोह की अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह बबलू ने किया। ग्राम प्रधान अशोक ने स्वागत तथा लव सिंह ने आभार जताया। इस मौके पर सरवर खान, इबरार खान, रियाजुल, अयूब, राममिलन गुप्ता, नसीम, बृजेश, रामगरीब, राजू मिश्र, रोहित सिंह, त्रिभु तिवारी आदि मौजूद रहे।

# स्काउट गाइड की विभिन्न टोलियों द्वारा लगाए गए शिविर का किया निरीक्षण



**प्रतापगढ़।** राजकीय उमावि सराय आनादेव में प्रधानाचार्य डॉ विंध्याचल सिंह के निर्देशन व अनिल कुमार प्रवीण कुमार सिंह विनोद कुमार के संयोजन में तीन दिवसीय (20.11.2025 से 22.11.2025 तक) स्काउट गाइड के प्रथम सोपान के प्रशिक्षण के समापन दिवस पर प्रशिक्षक एस के शर्मा व प्रशिक्षक शीला देवी द्वारा प्रारंभ किया गया सर्व प्रथम स्काउट गाइड को प्राथमिक चिकित्सा के बारे में बताया गया तथा आपात स्थिति में फर्स्ट एड कैसे उपलब्ध कराया जाता है उसे बताया गया। तत्पश्चात स्काउट झंडा फहराया गया और झंडे की सलामी ली गई। उसके बाद स्काउट प्रार्थना की गई और स्काउट झंडा गीत गाया गया। स्काउट गाइड द्वारा टोलीवार कैंप लगाया गया तथा उसे टोली के सदस्यों द्वारा सजाया गया और स्वादिष्ट व्यंजन बनाया गया जिसे प्रधानाचार्य सहित सभी स्टाफ और अतिथियों द्वारा चखा गया। प्रधान प्रधानाचार्य ने समस्त स्टाफ और अतिथियों के साथ स्काउट गाइड की विभिन्न टोलियों द्वारा लगाए गए शिविर का निरीक्षण किया गया तथा टोली के सदस्यों से स्काउट गाइड शिविर के संबंध में प्रश्नोत्तर किया गया.कार्यक्रम के अंतिम चरण में प्रधानाचार्य डॉ विंध्याचल सिंह द्वारा स्काउट गाइड संस्था के बारे में बताया गया तथा बताया गया कि स्काउट गाइड संस्था एक स्वैच्छिक गैर राजनीतिक गैर धार्मिक संस्था है.जिससे विद्यार्थियों में नेतृत्व कुशलता सामाजिकता आध्यात्मिकता का विकास होता है.उन्होंने आगे बताया कि प्रत्येक विद्यार्थी और प्रत्येक व्यक्ति को स्काउट गाइड का प्रशिक्षण लेना चाहिए.क्योंकि यह प्रशिक्षण उनके जीवन पर्यन्त काम आता है। वरिष्ठ शिक्षक अनिल कुमार प्रवीण कुमार सिंह,विनोद कुमार ने अपने उद्बोधन में स्काउट गाइड संस्था और उसके महत्व एवं उपयोगिता के बारे में प्रकाश डाला गया मुख्य अतिथि के रूप में पीटीए के अध्यक्ष केदार सिंह उपस्थित रहे.मुख्य अतिथि द्वारा स्काउट गाइड के प्रदर्शन की प्रशंसा किया गया अंत में स्काउट झंडा उतारा गया और राष्ट्रगान गाया गया। वरिष्ठ शिक्षक अनिल कुमार द्वारा आए हुए अतिथियों और प्रशिक्षकों का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के स्टाफ और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### बैडमिंटन में स्वर्ण पदक प्राप्त कर जिले का नाम किया रौशन



**प्रतापगढ़।** बेल्हा के युवा कल्याण क्रीड़ा जिला स्तरीय प्रतियोगिता में मीराभवन के महेश सिंह मुन्ना के सुपुत्र अराध्य सिंह ने सब जूनियर वर्ग से बैडमिंटन में स्वर्ण पदक प्राप्त कर जिले का नाम रौशन किया है। अराध्य सिंह प्रतापगढ़ के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान वी एस मेमोरियल में कथा नौ के छात्र हैं तथा खेल शिक्षक निहाल अग्रहरि के निर्देशन में तैयारी कर रहे हैं। पढ़ाई के साथ साथ वे वालीबाल फुटबॉल व बैडमिंटन में अपना भविष्य तलाश रहे हैं। शिक्षक निहाल अग्रहरि ने कहा कि अराध्य प्रतिभावान एवं जुनूनी छात्र हैं इससे बहुत संभावनाएं हैं। हम बच्चे के सुंदर भविष्य की कामना करते हैं।

### जेल रोड भरत चौक प्रतापगढ़ से निकली भव्य कलश यात्रा, आयोजित होगी संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा



**प्रतापगढ़।** रामचंद्र जायसवाल के शुभ संयोजकत्व में भरत चौक जेल रोड पर संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का आज से आयोजन हो रहा है इसी हेतु पूर्ति के अनुक्रम में आज भरत चौक जेल रोड से मां बेल्हा देवी धाम तक कलश यात्रा निकली जिसमें स्थानीय महिलाएं व बच्चे अपने सिर पर कलश रखे माँ बेल्हा देवी तक पदयात्रा किए कलश यात्रा कथा व्यास मोहित जी महाराज की अगुवाई में निकाली गई जो जेल रोड से माँ बेल्हा देवी होकर कथा स्थल पर आकर विश्राम ली आयोजक रामचन्द्र जायसवाल ने बताया कि कथा सरिता का प्रवाह आज शाम 3 बजे से 7बजे होगा उन्होंने आज प्रथम दिवस की कथा में कथा श्रवण करने के लिए श्रोताओं को आमंत्रित किया आज कलश यात्रा में अशोक तिवारी कमल तिवारी सत्य प्रकाश पाण्डेय शिवम तिवारी। पंकज रूपचंद आशीष पीयूष रचना गरिमा सुधी शेखर रवि सुधीर कल्पना हिमांशु प्रदीप आदि उपस्थित रहे।

### युवक को लाठी डंडा लेकर दौड़ाया, दी धमकी

**पट्टी।** क्षेत्र के मझौली गांव निवासी उमा शंकर यादव ने पट्टी पुलिस को शनिवार की शाम करीब 4 बजे प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि वह अपनी भूमिधरी जमीन में गेहूं की बुवाई कर रहा था। ट्रैक्टर खेत में चल रहा था लेकिन तीन चार की संख्या में पड़ोसी लाठी डंडा लेकर खेत पर पहुंच गए। पहुंचते ही गालियां देने लगे मारपीट पर उतारू हो गए। ट्रैक्टर वालों को गालियां देते हुए खेत से निकाल दिया। कहा कि अगर गेहूं बुआई करोगे तो जान से खत्म कर देंगे। पुलिस मामले की जांच पड़ताल जुटी । पट्टी कोतवाल अभिषेक सिरोही ने बताया प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ है जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### मुंबई कमाने निकले युवक का मिला शव

**पट्टी।** आसपुर देवसरा क्षेत्र के उमापुर गांव निवासी मनोज कुमार सरोज उम्र 35 वर्ष पुत्र पन्नालाल की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों के मुताबिक मनोज 19 तारीख बुधवार को रोजी-रोटी के लिए अपने पिता के पास मुंबई जाने के उद्देश्य से घर से निकला था। वह मुगलसराय या जौनपुर स्टेशन से ट्रेन पकड़ने की बात कहकर निकला था लेकिन किसी तरह वह कौशांबी जिले के सिराथू स्टेशन पहुंच गया। सूत्रों के अनुसार मनोज का शव स्टेशन से करीब एक किलोमीटर दूर रेलवे पटरी के पास मिला। घटना की जानकारी शुक्रवार सुबह रेलवे सीआरपीएफ द्वारा परिजनों को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। खबर मिलते ही घर में कोहराम मच गया। परिजन पोस्टमार्टम के बाद शव का इंतजार कर रहे हैं। जिसका अंतिम संस्कार इब्राहिमपुर घाट पर किया जाएगा। मृतक चार भाइयों में सबसे छोटा था। जबकि दो बहन और सभी भाइयों की शादी हो चुकी है। अचानक हुई इस घटना से परिवार सदमे में है और ग्रामीणों में शोक व्याप्त है। परिजन मौत को लेकर कई तरह की आशंकाएँ जता रहे हैं। पुलिस और रेलवे सुरक्षा बल मामले की जांच में जुटे हुए हैं।

### विवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान

**पट्टी।** कोतवाली इलाके के धूंई गांव निवासी विवाहिता ललिता (58) पत्नी राजेश तिवारी ने शुक्रवार देर रात अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही गाँव में सनसनी फैल गई। परिवार के लोगों ने बताया कि मृतका पिछले कुछ समय से डिप्रेशन से जूझ रही थीं। हाल ही में उनके पुत्र की शादी तय हुई थी जो किसी कारणवश कैंसिल हो गई थी, जिसके चलते मानसिक रूप से टूट गई थी। परिवार के लोग इसी तनाव को मृतका के आत्महत्या का कारण बता रहे हैं। घटना की सूचना मिलते ही पट्टी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुँची और शव का पंचनामा किया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजना चाहा लेकिन परिजनों ने पोस्टमार्टम करने से स्पष्ट इनकार कर दिया। इसके बाद परिवारजन शव लेकर अंतिम संस्कार के लिए चले गए। सूत्रों के मुताबिक मृतका के बेटे की हाल ही में शादी तय हुई थी, लेकिन सामाजिक या पारिवारिक कारणों से वह रिश्ता टूट गया। इसी बात से मानसिक तनाव में आ गई थी, उन्होंने शुक्रवार रात यह आत्मघाती कदम उठा लिया। इस घटना से गांव में गहरा शोक व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि परिवार काफी दिनों से मानसिक तनाव में चल रहा था। पुलिस प्रशासन मामले की जांच कर रहा है। पुलिस का कहना है कि प्रथम द्दष्टया मामला पारिवारिक तनाव का लग रहा है। फिलहाल पुलिस जांच में जुटी है। मृतका के परिजनों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं।

# पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया



**प्रतापगढ़।** शनिवार को समाजवादी पार्टी कार्यालय मीराभवन पर समाजवादी पार्टी के संस्थापक, देश के पूर्व रक्षा मंत्री उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। तत्पश्चात गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ. सोनेलाल पटेल मेडिकल कॉलेज में मरीजों को फल वितरित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष कर्नल शरद शरण व संचालन जिला महासचिव अब्दुल कादिर जिलानी ने किया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि मुलायम सिंह यादव नेताजी पिछड़ों, दलितों, शोषितों वंचितों की हमेशा लड़ाई लड़ी और अपने मुख्यमंत्रित्व काल में जनहित के कार्य किये। पंचायत चुनाव में महिलाओं, पिछड़ों दलितों के आरक्षण लागू किया। नेताजी का नारा था रोटी-कपड़ा सस्ती होगी दवा-पढ़ाई मुफ्त मिलेगी जिसको उन्होंने अपने मुख्यमंत्रित्व काल में लागू भी किया। साथ ही पढ़ें बेटियां बढ़े बेटियों का नारा देते हुए हाई स्कूल इंटर पास बेटियों के लिए कन्या विद्याधन और साइकिल वितरण किया गया। ऐसे अन्य कई जनहित योजनाओं को लागू किया जिससे सीधा लाभ गरीब जनता को मिला। सभी समाजवादी साथियों को उनके पदचिन्हों पर चलकर ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दी जा सकती है। इस अवसर पर पट्टी विधायक रामसिंह पटेल रानीगंज विधायक डॉ. आरके वर्मा विजय यादव, गुलफाम खान, पप्पू यादव अश्वनी सोनी रमाशंकर यादव, अनिल यादव, भईयाराम पटेल शान्ति सिंह, सुरेश यादव, संजय सरोज, पवन राजू ने यादव सचिन मौर्या, संतोष, उत्तम सिंह, युनुस मंसूरी राजकुमार प्रजापति संदीप यादव, हरीश शुक्ला विकास यादव मो. असलम अनाम अहमद पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष मनीष पाल सहित अन्य नेतागण उपस्थित रहे।

# जमीनी रंजिश में महिला के घर तोड़फोड़ मुकदमा दर्ज

**बेलखरनाथ धाम।** प्रतापगढ़ शुक्रवार सुबह जमीनी रंजिश को लेकर आरोपितों ने महिला के घर तोड़फोड़ करते हुए उसके साथ मारपीट की। इस मामले में पुलिस ने नामजद आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।कंधई थाना क्षेत्र के रखहा निवासी सेबू की पत्नी बेबी बानो ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि शुक्रवार सुबह वह घर के सामने बैठी हुई थी। तभी जमीनी रंजिश को लेकर पड़ोसियों ने घर के सामने रखा लकड़ी का तख्त, टीन शेड तोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया।मना करने पर आरोपित लोगों ने लाठी डंडे से पिटाई कर दी।आस-पास के लोगों के पहुंचने पर आरोपी मौके से भाग निकले।पीड़िता की तहरीर पर कन्धई पुलिस ने पड़ोसी शौकत , अरमान, सलमान,शकीला, आयशा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# ब्रह्मदेव जागरण मंच समाज में कर रहा है गरीब असहाय की सेवा

## सहयोग एक ऐसी भावना जो हमें साथ लाती है : सत्येन्द्र तिवारी

अखंड भारत संदेश



**प्रतापगढ़।** ब्रह्मदेव जागरण मंच की ओर से रानीगंज तहसील स्थित ग्राम राजापुर देवा पट्टी निवासी भोलानाथ मिश्र जो सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करके किसी तरह से परिवार का जीवन यापन कर पाते थे उनकी तीसरी बेटी की शादी दिनांक 21 नवम्बर दिन शुक्रवार को थी ।उसकी आर्थिक स्थिति को देखते हुए उसक सारे नात रिश्तेदारों ने आपसी मदद करने का बीड़ा उठाया उसी में ऐ किसी रिश्तेदार ने कहा कि यदि ब्रह्मदेव जागरण मंच तक इस परिवार की बात पहुंचाई जाए तो इस परिवार की कुछ न कुछ आर्थिक मदद जरूर हो जाएगी । शादी से 3 दिन पहले संगठन को अवगत कराया गया संगठन ने उसके पारिवारिक स्थिति को देखते हुए संगठन के खाते में पड़े हुए 5100 रूपया के साथ सत्येन्द्र नारायण तिवारी प्रदेश अध्यक्ष ब्रह्मदेव जागरण मंच जय प्रकाश मिश्र प्रदेश प्रवक्ता व प्रमोद कुमार दुबे महामंत्री जूनियर अधिवक्ता प्रकोष्ठ के ग्यारह, ग्यारह सौ के सहयोग के साथ कुल 8400 रुपए से उस परिवार की मदद के लिए आम लोगों से मुहिम की शुरूआत की गई जो 3 दिन में एक सफारी ब्रीफकेस $एक मिक्सर ग्राइंडर $85000=00 रुपया जुटाए गए । इस जुटाए गए सफारी ब्रीफकेस मिक्सर ग्राइंडर व 85000=00 रुपया का चेक लेकर उसके राजापुर देवा पट्टी आवास पर पहुंचकर शादी का मायन पूज रहे उसके माता-पिता की उपस्थिति में बेटी को सौंपा गया । इस अवसर पर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पंडित सत्येन्द्र नारायण तिवारी ने कहा कि जीवन में मनुष्य का सहयोग एक कर्तव्य हि नहीं बल्कि मनुष्य के जीवन शैली में सहयोग का होना जरूरी है। सहयोग की कोई सीमा निर्धारित नहीं होती है सहयोग एक ऐसी भावना है जो हमें एक दूसरे से जोड़ती है और हमें एक सामूहिक लक्ष्य प्राप्त करने में मदद करती है । किसी का सहयोग करना प्रभु कार्य है इस अवसर पर पंडित शिवांग पाण्डेय राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष पंडित जयप्रकाश मिश्रा प्रदेश प्रवक्ता पंडित अनिल कुमार शुक्ला राजू जिला मीडिया प्रभारी पंडित प्रमोद कुमार दुबे महामंत्री जूनियर अधिवक्ता प्रकोष्ठ पंडित मुकेश पाण्डेय उपाध्यक्ष जूनियर अधिवक्ता प्रकोष्ठ सहित अन्य कई लोग उपस्थित रहे ।

# समाधान थाना दिवस : समस्त थानों पर हुई जनशिकायतों की सुनवाई

**अखंड भारत संदेश**

## 44 शिकायतों में 9 शिकायतों का पुलिस ने किया मौके पर निस्तारण



**कौशांबी।** शासन की मंशा के अनुसार प्रत्येक शनिवार को जिले के संपूर्ण थाने में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में सुबह 10:00 बजे से थाना समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है जहां थाना दिवस में संबंधित अधिकारी जन समस्याओं को सुनकर उनका निदान करते हैं इसी क्रम में 22 नवंबर को भी जिले के संपूर्ण थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन विधिवत किया गया है शनिवार की सुबहसे ही जिले के सभी थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया है फरियादियों के बैठने के लिए टेंट कुर्सी आदि की व्यवस्थाएं कराई गई थाना समाधान दिवस के अवसर पर उपस्थित अधिकारियों द्वारा समाधान दिवस में पहुंचे फरियादियों की समस्याओं को सुना गया और उसके निस्तारण कराए गए हैं थाना समाधान दिवस पर अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह द्वारा थाना करारी पर व क्षेत्राधिकारी सिराथू सत्येन्द्र तिवारी द्वारा थाना सैनी पर जनशिकायतों को सुना गया एवं इसी क्रम में जनपद के समस्त थानों पर सम्बन्धित अधिकारी द्वारा जन शिकायतों को सुनकर कुछ प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण किया गया तथा शेष प्रार्थना पत्रों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया साथ ही निर्देशित किया गया कि जमीन सम्बन्धित सभी प्रकरणों में पुलिस व राजस्व की टीमों द्वारा संयुक्त रूप से मौके पर जाकर प्रकरण का निस्तारण किया जाये, जिससे फरियादियों को अलग-अलग भटकना ना पड़ें व प्रकरणों का त्वरित व न्यायपूर्ण निस्तारण हो सकें जनपद में कुल 44 ( 30 भूमि विवाद व 14 अन्य विवाद पुलिस ) प्राप्त प्रार्थना पत्रों में से 09 ( 01 भूमि विवाद व 08 अन्य विवाद पुलिस ) का मौके पर निस्तारण किया गया तथा शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु टीमों का गठन कर मौके पर रवाना किया गया।

## काली पट्टी बांधकर लेखपालों ने किया थाना दिवस का बहिष्कार

**अखंड भारत संदेश**

### योगी सरकार की नीतियों को खत्म करने पर लगे राजस्व अधिकारी, जनता के साथ खिलवाड़ फरियादी परेशान



**कोखराज कौशाम्बी।** थाना समाधान दिवस के अवसर पर कोखराज थाने में शनिवार को थाना दिवस का आयोजन किया गया था जिसमें लेखपालों ने काली पट्टी बांधकर समाधान दिवस में कार्य करने का विरोध किया जिससे फरियादियों में मायूसी दिखी।

वहीं लेखपालों ने अपनी आठ सूत्रीय मांगों को लेकर सरकार से मांग किया लेखपालों ने कहा कि मांग न पूरी होने पर कार्य बहिष्कार का विरोध काली पट्टी बांधकर लगातार चलता रहेगा जिससे फरियादियों को समस्याओं का सामना करना पड़ेगा थाना समाधान दिवस पर थानेदार थानेदार चन्द्र भूषण मौर्य ने फरियादियों की समस्याओं को सुना समाधान दिवस में राजस्व विभाग के किसी भी अधिकारी के न होने से फरियादी अपने आप को ठगा महसूस करते रहे वहां उपस्थित फरियादियों में मायूसी दिखी जमीन संबंधित समस्याओं का समाधान न होने से फरियादी परेशान दिखे इस मौके पर किसी भी राजस्व विभाग के अधिकारी के न होने से शिकायत कर्ता अपनी शिकायत दर्ज करा कर वापस लौट गए फरियादियों ने कहा कि अब तो समाधान दिवस केवल खाना पूर्ति दिवस बन कर रह गया हैं राजस्व से सम्बंधित मामलों को आखिर कौन निस्तारण कराएगा जनता अपनी समस्याओं को लेकर अब किसके पास जाए समाधान दिवस में राजस्व के किसी भी अधिकारी के न होने से वह अपने को ठगा महसूस कर रही है मौके पर एसओ कोखराज चन्द्र भूषण मौर्य ने लोगों की फरियाद को सुना व शिकायत दर्ज कर निस्तारण का भरोसा दिलाया जबकि भूमि निस्तारण का मामला बिना राजस्व अधिकारी के नही हो सकता फिर भी जिले के जिम्मेदार आखिर क्यों ध्यान नही दे रहे हैं फरियादियों के साथ दोहरा चरित्र अपनाने से लोगों में सरकार के प्रति आक्रोश बढ़ता जा रहा हैं व न्याय पाने के लिए तहसील से लेकर जिले तक दौड़ भाग कर रहा है लेकिन सरकार के सरकारी नुमाइंदे केवल खाना पूर्ति तक सिमट कर रह गए है समाधान दिवस के मौके पर 8 मामले आये जिसमें नाप जोख से लेकर जमीन सम्बंधित मामले व रास्ते के विवाद जैसे मामले की शिकायत दर्ज की गई लेकिन कोई भी मामला निस्तारण नही हो सका मौके पर कानून गो सोहन लाल, कानून गो रोहित अग्रहरि ,लेखपाल सरफराज ,दिलीप कुमार,कमल सिंह,शिव शंकर पाल, रवि विश्वकर्मा, नरेंद्र सिंह,पवन राय, जगदीश यादव, पूनम मौर्य, अपर्णा श्रीवास्तव सुनील द्विवेदी, अनुराधा वर्मा आदि लोगो की उपस्थिति में समाधान दिवस सम्पन्न हुआ। लेकिन लेखपालों ने काली पट्टी बांधकर बहिष्कार 3 और कार्य नहीं किया है बिना कार्य किए वेतन लेने वाले इन लेखपालों पर कब करवाई होगी।





## अझुवा हाइवे पर भीषण सड़क हादसा एक की मौत

**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के प्रयागराज-कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग NH-19 पर अझुवा के समीप एक तेजगति वाहन और दोपहिया वाहन के बीच भीषण टक्कर हो गई है दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई मृतक की पहचान धुमाई निवासी के रूप में हुई है घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाही शुरू कर दी है दुर्घटना के बाद आसपास के लोगों की मौके पर भीड़ लग गई है। जानकारी के मुताबिक सोनू उम्र लगभग 25 वर्ष पुत्र इंद्रपाल काकरली पर मजरा धुमाई थाना सैनी शनिवार की शाम को बाइक से अझुवा भोला चौराहा के पास पहुंचा था कि तेज गति एक वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दिया जिससे वह सड़क पर गिर पड़ा और मौके पर उसकी तड़प तड़प कर दर्दनाक मौत हो गई है दुर्घटना देखकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे मामले की सूचना पुलिस को दी गई है दुर्घटना के बाद वाहन चालक फरार हो गया है सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा दिया है हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया जिसकी तलाश जारी है इस हादसे के कारण हाइवे पर कुछ देर के लिए यातायात बाधित हुआ जिसे पुलिस ने तुरंत नियंत्रित किया।

# पति के सताने पर बुजुर्ग महिला ने गंगा में लगाई छलांग नाव से निकाला गया बाहर

**अखंड भारत संदेश**

### कौशाम्बी में जाको राखे साइयां कहावत हुई सच, ग्रामीणों और डायल 112 की तत्परता से बची जान



**कड़ा कौशाम्बी।** पारिवारिक कलह और पति के लगातार उत्पीड़न से तंग आकर सैनी थाना क्षेत्र के कजलापुर की रहने वाली एक बुजुर्ग महिला ने शनिवार को कड़ा धाम थाना क्षेत्र स्थित कुबरी घाट से गंगा नदी में छलांग लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। यह दिल दहला देने वाली घटना दिनदहाड़े तब हुई जब महिला ने जीवन से निराश होकर खुद को मौत के हवाले कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुजुर्ग महिला शकुंतला देवी उम्र लगभग 60 वर्ष पत्नी छेदीलाल पटेल निवासी कजलापुर खोचकी मई कोतवाली सैनी गहरे दुख और निराशा में थी। जैसे ही उन्होंने नदी के तेज बहाव में छलांग लगाई घाट पर मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया महिला को बहता देख किनारे पर खड़े ग्रामीणों ने मानवता का परिचय दिया और बिना एक पल गंवाए नाव की मदद से तुरंत जल में कूद पड़े अथक प्रयास के बाद ग्रामीणों ने बुजुर्ग महिला को बहने से बचा लिया और सुरक्षित नदी से बाहर निकाला जैसे ही इस घटना की सूचना मिली डायल 112 पीआरबी की टीम बिना समय गंवाए मौके पर पहुंची। पीआरबी कमांडर शैलेश साहू और चालक लवकुश कुमार ने स्थानीय लोगों से सूचना ली और तुरंत महिला की देखभाल में जुट गए इसके बाद कड़ा धाम थाना पुलिस ने भी मामले की गंभीरता को समझते हुए अत्यधिक तत्परता दिखाई पुलिस ने तत्काल एंबुलेंस बुलाई और बुजुर्ग महिला को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया समय पर मिले इलाज से महिला की जान को कोई खतरा नहीं रहा पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि बुजुर्ग महिला अपने पति की प्रताड़ना से त्रस्त थीं जिसके कारण उन्होंने यह घातक कदम उठाया। पुलिस ने महिला के परिवार को सूचित कर दिया है और आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है स्थानीय लोगों में इस घटना की चर्चा है जहां लोगों ने ग्रामीणों के साहस और पुलिस की त्वरित कार्रवाई की जमकर तारीफ की। यह घटना एक बार फिर यह सिद्ध करती है कि जाको राखे साइयां मार सके ना कोय।

## न्यूज झरोखा

### भवंस मेहता विद्याश्रम में छात्रों की कैरियर काउंसलिंग के साथ बर्थडे कार्ड मेकिंग व कोलाज एंड असेम्बलाज एक्टिविटी का आयोजन

**निदेशक संदीप सक्सेना ने रश्मि पाठक को प्राइमरी कक्षाओं का कॉर्डिनेटर किया नियुक्त**



**भरवारी कौशांबी।** भवंस मेहता विद्याश्रम भरवारी के सत्र 2025-26 में पढ़ने वाले समस्त इंटरमीडिएट छात्रों के बेहतर रिजल्ट एवं बेहतर भविष्य को संवारने को लेकर चंडीगढ़ विश्वविद्यालय के प्रोफेसर एवं अनुभवी कैरियर काउंसलर श्री मनीष तनेजा ने प्रधानाचार्य बलाय्या गंगाराबोयिना ,उप-प्रधानाचार्य सुधाकर सिंह,स्कूल कॉर्डिनेटर मोहम्मद नसीम एवं अवधेश मिश्रा तथा कई शिक्षकों की उपस्थिति में 22 नवम्बर को कैरियर काउंसलिंग करते हुए प्रेरित किया।इसी क्रम में सैटरडे एक्टिविटी के रूप में प्री-प्राइमरी तथा प्राइमरी के छात्रों ने कार्ड मेकिंग एक्टिविटी व कक्षा 3-5 के छात्रों ने कोलाज एंड असेंबलाज एवं कक्षा 6 से कक्षा 11 तक के छात्रों ने ग्रीटिंग कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता में भाग लिया।समस्त छात्रों ने अपने अपने ग्रुप में बेहतर प्रदर्शन करते हुए अनेक रंग बिरंगे कार्ड व छोटे बच्चों ने उपयोगी चीजों को बनाया जो आकर्षण का केंद्र रहा।प्रधानाचार्य ने सभी ग्रुप से टॉप थ्री स्टूडेंट्स को उनके बेहतर प्रदर्शन के लिए सर्टिफिकेट एवं मेडल देने की घोषणा करते हुए भविष्य में और भी बेहतर प्रयास करने के लिए प्रेरित किया।इसी क्रम में निदेशक संदीप सक्सेना एवं कोषाध्यक्ष प्रोफेसर प्रशांत अग्रवाल की सहमति से प्रधानाचार्य बलाय्या गंगाराबोयिना ने नर्सरी से क्लास 5वीं तक की कक्षाओं के लिए सीनियर शिक्षिका श्रीमती रश्मि पाठक को प्राइमरी का कॉर्डिनेटर नियुक्त करते हुए साल ओढ़ाकर शुभकामनाएं दिया तथा श्रीमती रजनी श्रीवास्तव व पूनम सिंह ने माला पहनाकर शुभकामनाएं दिया।श्री मती रश्मि पाठक ने निदेशक संदीप सक्सेना,मैनेजमेंट कमेटी के सदस्यों तथा प्रधानाचार्य को कोऑर्डिनेटर पद की जिम्मेदारी देने के लिए धन्यवाद दिया। इस अवसर पर समस्त शिक्षकों ने श्री मति रश्मि पाठक को कॉर्डिनेटर बनने पर शुभकामनाएं देते हुए खुशी जाहिर किया।

### सब जूनियर सीनियर वर्ग के खेल स्पर्धा ग्रामीण का आयोजन



**कौशांबी।** युवा कल्याण विभाग एंव प्रान्तीय रक्षक दल सिराथू में बालक बालिका के सब जूनियर, सीनियर, वर्ग की खेल स्पर्धा ग्रामीण स्टेडियम गिरसा मे मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना सोनकर एवं विशिष्ट अतिथि कविता पासी अध्यक्ष नगर पालिका अध्यक्ष भरवारी की उपस्थित मे उद्घाटन हुआ जिसमे ग्रामीण परिवेश से आए हुए बच्चो ने अपनी अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया इस अवसर पर सीनियर बालक कुश्ती वर्ग मे नीरज कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया विपिन कुमार उप विजेता रहे जूनियर बालक वर्ग मे शिवम ने प्रथम स्थान,कृष्णा प्रसाद द्वितीय स्थान पर रहे सब जूनियर वर्ग बालक कबड्डी मे विजेता कसिया पश्चिम जबकि उप विजेता गिरसा की टीम रही। एथलेटिक्स मे 100मीटर सब जूनियर बालक मे अंकुश कुमार विजेता बालिका मे प्रतिमा भारतीय विजेता रही।

### कौशांबी में अवैध बालू डंपिंग राजस्व को लाखों का नुकसान, देर रात तक हो रही सप्लाई

**कौशांबी।** चायल तहसील क्षेत्र में अवैध बालू का कारोबार तेजी से चल रहा है। सराय अकिल थाना क्षेत्र के खोपा गांव के पास बालू माफिया बड़ी मात्रा में बालू डंप कर रहे हैं। देर रात से सुबह तक ट्रैक्टरों के जरिए इस बालू की आपूर्ति की जा रही है, जिससे राजस्व विभाग को लाखों रुपये का नुकसान हो रहा है ग्रामीणों का आरोप है कि प्रशासनिक निगरानी की कमी के कारण यह अवैध कारोबार लगातार बढ़ रहा है। बिना किसी वैध अनुमति के बालू की बिक्री से सरकारी राजस्व को भारी क्षति हो रही है, लेकिन इसके बावजूद कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही है।स्थानीय निवासियों के अनुसार, इस अवैध कारोबार को लेकर कई बार शिकायतें दर्ज कराई जा चुकी हैं। हालांकि, कार्रवाई के नाम पर केवल औपचारिक जांच होती है और अवैध डंपिंग व बालू की आपूर्ति का सिलसिला पहले की तरह जारी रहता है। रात के समय ट्रैक्टरों की आवाजाही बढ़ जाती है, जिससे बालू की खेप विभिन्न स्थानों पर पहुंचाई जाती है।ग्रामीणों का कहना है कि यह केवल अवैध खनन का मामला नहीं है, बल्कि सरकारी व्यवस्था को आर्थिक रूप से नुकसान पहुंचाने वाली एक संगठित गतिविधि बन चुका है। यह अवैध कारोबार एक तरफ कानून व्यवस्था के लिए चुनौती है, तो दूसरी तरफ राजस्व विभाग की आय में बड़ी गिरावट का कारण भी बन रहा है।स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन और सराय अकिल पुलिस से इस मामले में तत्काल कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि इस अवैध कारोबार पर समय रहते लगाम नहीं लगाई गई, तो आने वाले दिनों में स्थिति और गंभीर हो सकती है। ग्रामीणों ने प्रशासन से डंपिंग स्थलों की जांच करने और बालू माफियाओं के खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने का आग्रह किया है।इस संबंध में खनन अधिकारी चंद्र प्रकाश जायसवाल ने बताया कि उन्हें इस अवैध कारोबार की जानकारी नहीं है। उन्होंने आश्वासन दिया कि यदि ऐसा हो रहा है, तो जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

### वारण्टी अभियुक्त को थाना पश्चिम शरीरा पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना पश्चिम शरीरा पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 75/05 धारा 60(2) आबकारी अधिनियम थाना पश्चिम शरीरा से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त हनुमान उर्फ मुकेश पासी पुत्र बोहिरा उर्फ नेता पासी निवासी व थाना पश्चिम शरीरा को गिरफ्तार किया गया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया।

# गजब ! बिना हस्ताक्षर किए पत्र जारी कर शिक्षक को बीएसए ने कर दिया निलंबित

**कौशांबी** निर्वाचन से संबंधित एसआईआर के कार्यों में लापरवाही करने वाले शिक्षक को निलंबित कर दिया गया है अंधेरगर्दी की हद तो तब हो गई है जब शिक्षक को निलंबित करने के लिए दिए गए आदेश के पत्र में बेसिक शिक्षा अधिकारी ने ना तो हस्ताक्षर किया है और ना ही उस पत्र में तारीख डाली गई है कि किस तारीख को शिक्षक को निलंबित किया गया है बीएसए का यह पत्र सूचना अधिकारी द्वारा संबंधित समाचार पत्र कार्यालय में भेजे गए हैं जिससे शिक्षा विभाग के कार्यों पर बड़े सवाल खड़े हो गए हैं आखिर बिना हस्ताक्षर और तारीख का पत्र कैसे जारी किया गया है यह अपने आप में बड़ी जांच का विषय है जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जनपद-कौशाम्बी द्वारा बताया गया है कि पत्र उप जिलाधिकारी-सिराथू, जनपद-कौशाम्बी ने अपने कार्यालय संख्या/819/ रा०कार्या० /2025-26 दिनांक-15.11.2025 द्वारा आख्या अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को प्रेषित की गयी। जो रिषि कुमार त्रिपाठी स.अ. प्राथमिक विद्यालय-मोचाराखास बीएलओ भाग-286 उ.प्रा.वि.-सयारा गीठेपुर मध्य भाग द्वारा विधान सभा निर्वाचक नामावली का वृहद पुनरीक्षण कार्य-एसआई आर गणना प्रपत्र प्राप्त न करने एवं निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में बाधा उत्पन्न करने के सम्बन्ध में है। जिसमें उल्लिखित किया गया है कि-सुपर वाइजर द्वारा लिखित रूप में अवगत कराया गया है कि रिषि कुमार त्रिपाठी बीएलओ को मोबाइल फोन से अवगत कराया गया कि आप विधान सभा निर्वाचक नामावली के वृहद पुनरीक्षण कार्य

### एसआईआर के कार्य में लापरवाही करने वाले शिक्षक किए गए निलंबित



-: प्रेस नोट :-

उप जिलाधिकारी-सिराथू, जनपद-कौशाम्बी ने अपने कार्यालय पत्र संख्या/819/रा०कार्या०/2025-26 दिनांक-15.11.2025 द्वारा आख्या अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को प्रेषित की गयी। जो श्री रिषि कुमार त्रिपाठी स०अ० प्राथमिक विद्यालय-मोचाराखास बी०एल०ओ० भाग-286 उ०प्रा०वि०-सयारागीठेपुर मध्य भाग द्वारा विधान सभा निर्वाचक नामावली का वृहद पुनरीक्षण कार्य-SIR गणना प्रपत्र प्राप्त न करने एवं निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में बाधा उत्पन्न करने के सम्बन्ध में है। जिसमें उल्लिखित किया गया है कि-"सुपर वाइजर द्वारा लिखित रूप में अवगत कराया गया है कि श्री रिषि कुमार त्रिपाठी बी०एल०ओ० को मोबाइल फोन से अवगत कराया गया कि आप विधान सभा निर्वाचक नामावली के वृहद पुनरीक्षण कार्य-SIR गणना प्रपत्र प्राप्त करके अपना कार्य समय से पूर्ण कर लें। इस पर श्री रिषि कुमार त्रिपाठी स०अ० के द्वारा बी०एल०ओ० का कार्य करने से मना किया गया है।

अधोहस्ताक्षरी द्वार भी कई बार फोन से वार्ता कर निर्देशित किया कि वधिान सभी निर्वाचक नामावली के वृहद पुनरीक्षण कार्य-SIR गणना प्रपत्र प्राप्त करने एवं ससमय कार्य पूर्ण कर लें किन्तु श्री रिषि कुमार त्रिपाठी स०अ० प्राथमिक विद्यालय-मोचाराखास अद्यतन न ही गणना प्रपत्र प्राप्त किये और न ही निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में कोई रुचि ली जा रही है। जिससे SIR कार्य प्रारम्भ नहीं हो सका है। जिस कारण अधोहस्ताक्षरी को लगातार उच्चाधिकारियों से घोर असंतोष का सामना करना पड़ रहा है।

अतः श्री रिषि कुमार त्रिपाठी स०अ० प्राथमिक विद्यालय-मोचाराखास, विकास खण्ड-कड़ा लगातार उच्च अधिकारियों के आदेश की अवहेलना करने और निर्वाचन जैसे महत्पूर्ण कार्य में रुचि न लेने पर श्री रिषि कुमार त्रिपाठी स०अ० प्राथमिक विद्यालय-मोचाराखास की कठोर दण्डात्मक कार्यवाही करने का कष्ट करें।"

उप जिलाधिकारी-सिराथू, जनपद-कौशाम्बी ने अपने कार्यालय पत्र संख्या/819/रा०कार्या०/2025-26 दिनांक-15.11.2025 द्वारा प्रस्तुत आख्या के क्रम में विधान सभा निर्वाचक नामावली का वृहद पुनरीक्षण कार्य-SIR गणना प्रपत्र प्राप्त न करने एवं निर्वाचन जैसे महत्पूर्ण कार्य में बाधा उत्पन्न करने के कारण श्री रिषि कुमार त्रिपाठी स०अ० प्राथमिक विद्यालय-मोचाराखास, विकास खण्ड-कड़ा को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया गया।

निर्वाचन कार्य में शानदार कार्य करने वाले बी०एल०ओ० को जनपद स्तर पर उच्चाधिकारियों द्वारा सम्मानित किया जायेगा। निर्वाचन कार्य शासन की प्राथमिकता में होता है। अतः बेसिक शिक्षा विभाग के अन्तर्गत कार्य कर रहे समस्त बी०एल०ओ० पूर्ण मनोयोग से निर्धारित समयावधि में कार्य सम्पादित करना सुनिश्चित करें। जिससे भविष्य में किसी अप्रिय स्थिति से बचा जा सके।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
जनपद-कौशाम्बी

एसआई आर गणना प्रपत्र प्राप्त करके अपना कार्य समय से पूर्ण कर लें। इस पर रिषि कुमार त्रिपाठी रा०अ० के द्वारा बी०एल०ओ० का कार्य करने से माना किया गया है। अधोहस्ताक्षरी द्वार भी कई बार फोन से वार्ता कर निर्देशित किया कि वधिान सभी निर्वाचक नामावली के वृहद पुनरीक्षण कार्य-एसआई आर गणना प्रपत्र प्राप्त करने एवं ससमय कार्य पूर्ण कर लें किन्तु रिषि कुमार त्रिपाठी स०अ० प्राथमिक विद्यालय-गोचाराखास अद्यतन न ही गणना प्रपत्र प्राप्त किये और न ही निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में कोई रुचि ली जा रही है। जिससे एसआई आर कार्य प्रारम्भ नहीं हो सका है। जिस कारण अधोहस्ताक्षरी को लगातार उच्चाधिकारियों से घोर असंतोष का सामना करना पड़ रहा है।एसडीएम ने कहा कि रिषि कुमार त्रिपाठी स०अ० प्राथमिक विद्यालय-मोचाराखास, विकास खण्ड-कड़ा लगातार उच्च अधिकारियों के आदेश की अवहेलना करने और निर्वाचन जैसे महत्वूर्ण कार्य में रुचि न लेने पर श्री रिषि कुमार त्रिपाठी स०अ० प्राथमिक विद्यालय-भोचाराखास की कठोर दण्डात्मक कार्यवाही करने का कष्ट करें।पत्र उप जिलाधिकारी सिराथू, जनपद-कौशाम्बी ने अपने कार्यालय संख्या/819/ रा०कार्या0/2025-26 दिनांक 15.11. 2025 द्वारा प्रस्तुत आख्या के क्रम में विधान सभा निर्वाचक नामावली का वृहद पुनरीक्षण कार्य-एसआई आर गणना प्रपत्र प्राप्त न करने एवं निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में बाधा उत्पन्न करने के कारण रिषि कुमार त्रिपाठी स०अ० प्राथमिक विद्यालय मोचाराखास, विकास खण्ड-कड़ा को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया गया। निर्वाचन कार्य में शानदार कार्य करने वाले बी०एल०ओ० को जनपद स्तर पर उच्चाधिकारियों द्वारा सम्मानित किया जायेगा। निर्वाचन कार्य शासन की प्राथमिकता में होता है। अतः बेसिक शिक्षा विभाग के अन्तर्गत कार्य कर रहे समस्त बी०एल०ओ० पूर्ण मनोयोग से निर्धारित समयावधि में कार्य सम्पादित करना सुनिश्चित करें। जिससे भविष्य में किसी अप्रिय स्थिति से बचा जा सके।

## भरवारी नगर पालिका कार्यालय में आधार केंद्र पर अवैध वसूली का आरोप, लोगों ने किया हंगामा

**कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद भरवारी के नबीपुर कार्यालय स्थित आधार संशोधन केंद्र पर अवैध वसूली का आरोप लगा है। शनिवार को नबीपुर कार्यालय में आधार संशोधन कराने आए दर्जनों लोगों ने कर्मचारी द्वारा 250 से 300 रुपये की कथित वसूली का आरोप लगाते विरोध प्रदर्शन और हंगामा किया। सूचना मिलने पर ईओ राम सिंह ने मामले का संज्ञान लिया और संबंधित को कड़े निर्देश दिए।नगर पालिका परिषद भरवारी के नबीपुर कार्यालय में स्थित आधार संशोधन केन्द्र पर आधार सही कराने आये दर्जनों लोगों का आरोप है कि केंद्र में मौजूद कर्मचारी प्रत्येक व्यक्ति से आधार संशोधन के लिए 250 से 300 रुपये तक वसूल रहा है। जो लोग यह मनमानी राशि नहीं देते, उन्हें यह कहकर लौटा दिया जाता है कि वे मंझनपुर जाकर मुफ्त में आधार बनवा लें। कर्मचारी की मनमानी और अवैध वसूली से त्रस्त लोगों ने शनिवार को अवैध वसूली को लेकर प्रदर्शन और जमकर हंगामा किया शिकायत कताओं ने बताया कि वे दो-दो, तीन-तीन दिनों से लाइन में लगे रहते हैं, लेकिन उनका काम नहीं होता। जब उनकी बारी आती है, तो कर्मचारी 250 से 300 रुपए की मांग करता है।हंगामा की सूचना पर नगर पालिका कार्यालय के कर्मचारी भी मौके पर पहुंचे। इस दौरान अधिशासी अधिकारी राम सिंह ने आधार संशोधन केंद्र के कर्मचारी आशीष कुमार को अपने केबिन में बुलाया। उन्होंने आशीष को हिदायत दी कि यदि दोबारा ऐसी शिकायत मिली तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसके अतिरिक्त अधिशासी अधिकारी ने केंद्र के भीतर बैठे कर्मचारियों को आधार संशोधन के लिए निर्धारित सरकारी दरों की सूची दीवार पर चस्पा करने का भी निर्देश दिया।

### शादी का झासा देकर दुष्कर्म करने वाले वांछित अभियुक्त को पिपरी पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कौशांबी।** पिपरी थाना क्षेत्र से 15 नवम्बर को एक बालिका को राजमन निषाद नामक युवक उससे शादी करने का उसको झांसा दे करके घर से भगा ले गया था बालिका युवक के झांसी में आ गई और उसके साथ चली गई लेकिन बालिका की शादी तो नहीं हुई बल्कि उसके साथ शारीरिक संबंध बनने लगे मामले की सूचना बालिका के परिवार के लोगों ने थाना पुलिस को दी थी थाना पुलिस ने बालिका और युवक को खोजने का प्रयास शुरू कर दिया परिवार का आरोप है कि युवक ने बालिका के साथ दुष्कर्म भी किया पिपरी थाना पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत हुआ उपरोक्त क्रम में 22.11.2025 थाना पिपरी पुलिस टीम द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त राजमन निषाद पुत्र नेपाली निषाद निवासी उमरवल थाना पिपरी को गिरफ्तार कर लिया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया है।

# करोड़ों खर्च के बाद नरक में तब्दील हुआ बम्हरौली गांव का रास्ता

**अखंड भारत संदेश**



**प्रधान से लेकर के विकास भवन के अधिकारी तक केवल कमीशन वसूलने तक सीमित रह गए**

**टेढ़ीमोड़ कौशांबी।** सिराथू तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत बम्हरौली में बीते 5 वर्ष के बीच विकास के नाम पर करोड़ों रुपए की सरकारी रकम को ग्राम पंचायत के जिम्मेदारों ने विभिन्न योजनाओं में खर्च करके रकम तो खजाने से निकाल ली है लेकिन सच्चाई यह है कि पूरा गांव नरक में तब्दील है गांव की सड़के आने जाने लायक नहीं है बनाए जाने के बाद नालियां टूट रही है नाली का गंदा पानी सड़क पर बह रहा है साफ सफाई का गांव में पूरी तरह से अभाव है सफाई कर्मी घर बैठे वेतन ले रहा है उसकी फर्जी उपस्थिति दर्ज करके उसको वेतन दिलाने में पंचायत के जिम्मेदार सहयोग कर रहे हैं। गांव में व्याप्त तमाम समस्याओं को लेकर बार-बार ग्रामीण अधिकारियों से शिकायत कर रहे हैं 5 वर्ष में किए गए विकास कार्यों में खर्च किए गए रकम की जांच कराए जाने की मांग लगातार की जा रही है लेकिन खंड विकास अधिकारी और एडीओ पंचायत की संलिप्तता के चलते निष्पक्ष तरीके से ग्राम पंचायत में कराए गए विकास कार्यों की जांच भी नहीं हो रही हैं जिससे करोड़ों रुपए की सरकारी बजट में हेरा फेरी करने वाले ग्राम पंचायत के जिम्मेदारों पर कार्यवाही नहीं हो सकी है जिसका नतीजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। गांव में सड़क की दुर्दशा का आलम यह है कि उस सड़क पर वाहन निकालने की बात तो बहुत दूर है एक कदम पैदल चलना भी मुश्किल है पूरी सड़क कीचड़ और जल भराव से भरी हुई है बीहड़ के रास्ते भी इससे अच्छे दिखाई देते हैं कई बार ग्रामीणों ने सड़क ठीक कराए जाने की मांग की लेकिन सड़क ठीक नहीं हो रही है बताया जाता है कि बम्हरौली गांव के दक्षिण साइड में राजू पासवान के दरवाजे के सामने सड़क पर बड़ा-बड़ा गड्ढा हो गया है इस रास्ते पर वाहन निकलने की बात को दूर पैदल निकलना भी आम जनता को मुसीबत से भरा हुआ है जो वाहन इस सड़क से निकलता है वह वाहन कीचड़ के दलदल में फंस जाता है सवाल उठता है कि गांव के लोग कैसे इस रास्ते में आते जाते होंगे सांसद विधायक ने भी गांव की समस्या का समाधान करने का प्रयास नहीं किया है कहने के लिए स्नातक शिक्षक विधायक विधान परिषद सदस्य और राज्यसभा सदस्य क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं लेकिन उन्होंने भी समस्याओं के समाधान से मुंह मोड़ लिया है जिससे आम जनता में जबरदस्त आक्रोश व्याप्त है जिले के बड़े-बड़े अधिकारी जिले में विकास कराए जाने का दंभ भर रहे हैं जिले में बढ़िया विकास कराए जाने का ढ़िंदोरा पीट रहे हैं पूरे प्रदेश में अव्वल होने का अधिकारी दंभ भर रहे हैं जबकि हकीकत यह है कि बम्हरौली गांव की दुर्दशा से आम जनता परेशान हो चुकी है केवल कागज कम्प्यूटर में विकास दिखाई पड़ रहा है प्रधान से लेकर के विकास भवन के अधिकारी तक केवल कमीशन वसूलने तक सीमित रह गए हैं जिससे योगी सरकार की छवि पर भी बदनुमा धब्बा लग रहा है और भ्रष्टाचार मुक्त सरकार का दावा खोखला साबित हो रहा है गांव की दुर्दशा पर जब अखंड भारत संदेश समाचार पत्र कौशांबी की टीम गांव पहुंची तो चौपट व्यवस्था देखकर दंग रह गई है गांव के बाहर बाइक खड़ी करने के बाद सड़क के किनारे किनारे पैदल निकालकर गांव की स्थिति देखना पड़ा है इस संबंध में ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव से बात करने का प्रयास किया गया लेकिन बात नहीं हो सकी है।

## सम्पादकीय

### देश सेवा- नौकरी के साथ भी, नौकरी के बाद भी

**सात** अगस्त 2025 को भारतीय राजनीति में एक अभूतपूर्व घटना हुई थी। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने एक प्रेस कांफ्रेंस बुलाकर 1 घंटे 11 मिनट तक कर्नाटक की महादेवपुरा विधानसभा सीट पर 22 पन्नों का प्रजेंटेशन दिया था। राहुल गांधी ने आरोप लगाया था कि इस सीट पर 6.5 लाख वोट में से 1 लाख वोटों की चोरी हुई है। कांग्रेस के शोध में यहां एक लाख के करीब गलत पते और एक ही पते पर थोक मतदाताओं और नकली मतदाताओं का पता चला। जिसका पूरा खुलासा राहुल गांधी ने किया था। महाराष्ट्र और हरियाणा चुनावों में मतदाता सूची में हेर फेर करके भाजपा ने चुनाव जीता है, यह आरोप तो विपक्ष पहले से लगा रहा था। लेकिन यह पहली बार था जब किसी एक सीट का इस तरह पूरा कच्चा-चिठ्ठा मीडिया के जरिए देश के सामने रखा था। राहुल गांधी के इस खुलासे के फौरन बाद ही चुनाव आयोग ने इस पर फेक और मिसलीडिंग यानी फर्जी और भ्रामक होने का ठप्पा तो लगा दिया, साथ ही एक प्रेस कांफ्रेंस कर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने राहुल गांधी को एक सप्ताह के भीतर हलफनामा पेश करने कहा था। जबकि राहुल गांधी का कहना था कि वे कोई हलफनामा पेश नहीं करेंगे, उन्होंने अपनी बात सबूतों के साथ रखी है, अब दारोमदार चुनाव आयोग पर है कि वह इसे या तो गलत साबित करे या फिर अपनी गलती माने। लेकिन चुनाव आयोग ने ऐसा कुछ नहीं किया।

अगस्त के बाद सितम्बर और इसी महीने की 4 तारीख को राहुल गांधी ने दो और प्रेस वाताएं की और उन दोनों में फिर से इसी तरह की मतदाता सूची की गड़बड़ी को दिखाया, जिसके बूते भाजपा ने चुनाव जीता। राहुल गांधी केवल मुंहजबानी आरोप नहीं लगा रहे, बल्कि सबूतों के साथ उसे मीडिया के सामने रख रहे हैं। अपनी तीनों प्रेस वाताओं में राहुल मंच पर अकेले ही थे और पत्रकारों को खुला अवसर दिया गया कि वे राहुल गांधी से प्रश्न-प्रतिप्रश्न करें, उन पर तीखे सवाल दागें, उन पर आरोप लगाएं कि कांग्रेस कई राज्यों में हार चुकी है, इसलिए ऐसे आरोप लगा रही है। यानी पत्रकारों के पास पूरा मौका था कि वे अपने सवालों से राहुल गांधी को ऐसा घेरें कि उन्हें जवाब देना मुश्किल हो जाए। लेकिन ऐसा एक ही सूरत में हो सकता है जब राहुल गांधी के पास कोई जवाब न हो, या अपने बचाव में सामने रखने के लिए तथ्य न हों। आंकड़ें, तथ्य और सबूत तीनों से लैस होकर ही राहुल गांधी ने पत्रकारों का सामना किया, इसलिए अब तक किसी ने भी उन्हें गलत साबित नहीं किया। जबकि भाजपा ने चुनाव आयोग पर लगते हर आरोप पर आगे बढ़कर सफाई दी और इसमें राहुल गांधी पर निशाना साधा कि वे संवैधानिक संस्था को बदनाम कर रहे हैं। अब भाजपा का परोक्ष साथ देते हुए 272 लोगों का एक खुला खत सामने आया है। खुद को नागरिक समाज यानी सिविल सोसाइटी का नुमांइदा बताने वाले इस खत के हस्ताक्षरकताओं में सेवानिवृत्त जज, नौकरशाह, सैन्य अधिकारी शामिल हैं। खत में कहा गया कि चुनाव आयोग भारत की चुनाव प्रणाली का सबसे अहम स्तंभ है। उस पर बार-बार सवाल उठाने से जनता का भरोसा कमजोर होता है ।

# शराब की लुभावनी पैकेजिंग के खतरे एवं सुप्रीम कोर्ट की चिंता

**-ललित गर्ग-**

**हाल** ही में देश की शीर्ष अदालत ने शराब की पैकेजिंग को लेकर जो गंभीर टिप्पणी की है, वह केवल कानूनी हस्तक्षेप नहीं बल्कि सामाजिक चेतना को झकझोरने वाली चेतावनी है। अदालत ने स्पष्ट कहा है कि शराब को इस तरह आकर्षक और लुभावना बनाकर प्रस्तुत करना सार्वजनिक स्वास्थ्य के साथ-साथ संस्कृति एवं सामाजिक के साथ खिलवाड़ है। चमकीली बोतलें, विदेशी डिजाइन, चटकदार रंग और ग्लैमरस बॉक्स-ये सब रणनीतियां लोगों को, विशेषकर युवाओं को, महिलाओं को शराब की ओर खींचने का साधन बन चुकी हैं। शराब की यह भ्रामक एवं बाजारवादी पैकेजिंग एक गंभीर एवं नया खतरा है। यह प्रवृत्ति केवल बाजार का विस्तार नहीं बल्कि पूरे समाज के स्वास्थ्य, नैतिकता और मानसिक संतुलन पर गहरा हमला है। जन-स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वाली शराब कम्पनियों की दुराग्रही सोच एवं गुमराह करने वाली पैकिंग एक आपराधिक कृत्य है। जूस पैक जैसे दिखने वाले टेट्रा पैक में बेची जा रही शराब अनेक खतरों को आमंत्रण है।

आज जब देश शराब की वजह से होने वाली बीमारियों, दुर्घटनाओं, हिंसा, पारिवारिक विघटन और मानसिक अवसाद जैसी समस्याओं से जूझ रहा है, तब शराब को ह्लफैशनेबलह्व बनाकर बेचना एक बहुत बड़ा खतरा बन जाता है। शराब कंपनियों ने पैकेजिंग को आधुनिकता, प्रतिष्ठा और स्टाइल से जोड़ दिया है, जिससे युवा वर्ग इसे किसी उपलब्धि जैसा मानने लगा है। सामाजिक और मनोवैज्ञानिक रूप से यह पैकेजिंग व्यक्ति के मन में यह भ्रम पैदा करती है कि शराब पीना आधुनिकता का प्रतीक है, जबकि वास्तविकता यह है कि शराब हर रूप में शरीर और मन के लिए घातक जहर है। शराब के घातक एवं दुष्प्रभाव किसी से छिपे नहीं हैं। यह धीरे-धीरे शरीर को भीतर से खोखला करते हुए नशे की अंधी गलियों में धकेल देती है। लिवर सिरोसिस, हृदय रोग, उच्च रक्तचाप, कैंसर, मानसिक असंतुलन, अवसाद और नींद की गंभीर समस्याएं शराब सेवन की सीधी देन हैं। सड़क दुर्घटनाओं में मरने वाले हजारों लोग शराब पीकर गाड़ी चलाने के कारण अपनी जान गंवाते हैं। घरेलू हिंसा, अपराध और परिवारों के टूटने में शराब की भूमिका लंबे समय से प्रमाणित है। ऐसे में शराब को आकर्षक पैकेजिंग में परोसना मानो लोगों को स्वेच्छा से विनाश के रास्ते पर भेजने जैसा है। सुप्रीम कोर्ट ने इसीलिए चिंता जताई है कि शराब की बोतलों की पैकिंग ऐसी नहीं होनी चाहिए जो उपभोक्ता को उसकी वास्तविक हानियों से दूर ले जाए। चेतावनियां अक्सर बोतल के किनारे इस तरह लगाई जाती हैं कि वे दिखती ही नहीं। कंपनियां स्वास्थ्य चेतावनियों को ढककर अपने उत्पाद की सुंदरता को आगे करती हैं। यह न केवल अनैतिक है बल्कि स्वास्थ्य संबंधी नीतियों की मूल भावना के भी विरुद्ध है। जब सरकार तंबाकू पर बड़ी और भयावह चेतावनियों को अनिवार्य कर चुकी है, तो शराब जिसका स्वास्थ्य पर प्रभाव कई मामलों में उतना ही विनाशकारी है, उसकी पैकेजिंग पर भी समान कठोर नियम लागू होना चाहिए। समाज में शराब की बढ़ती स्वीकृति का बड़ा कारण यह भी है कि शराब उद्योग ने पैकेजिंग को ही आकर्षक विज्ञापन का माध्यम बना दिया है। जहां शराब विज्ञापन पर कानूनी रोक है, वहां कंपनियां रंगीन बोतलों और खूबसूरत बॉक्सों को ही प्रचार का तरीका बना लेती हैं। यह परोक्ष विज्ञापन है, जो कानून की भावना का उल्लंघन करता है और युवाओं को नशे की ओर ले जाता है। ऐसे में सादे, सरल और सामान्य पैकेजिंग की दिशा में



कदम बढ़ाना आवश्यक है, ताकि शराब किसी ह्लक्जरी उत्पादह्व की तरह न दिखे, बल्कि उसका स्वरूप ही लोगों को चेतावनी देने वाला बने।

यह भी चिंताजनक है कि शराब उद्योग का उद्देश्य केवल बिक्री बढ़ाना है, भले ही उससे समाज कितना भी प्रभावित क्यों न हो। वे यह नहीं देखते कि शराब कितने घर बर्बाद कर रही है, कितने लोग बीमार हो रहे हैं और कितनी जिंदगियां संकट में हैं। इस मानसिकता के खिलाफ कानूनी कार्रवाई बेहद आवश्यक है। शराब की ग्लैमरस पैकेजिंग पर रोक लगाने से न केवल उपभोक्ताओं में जागरूकता बढ़ेगी, बल्कि समाज में नशामुक्ति की दिशा में एक महत्वपूर्ण वातावरण भी बनेगा। सरकारों के लिये राजस्व का बड़ा जरिया शराब है, इसलिये सरकारें भी शराब के खिलाफ खुलकर सामने नहीं आती। सुप्रीम कोर्ट की इस चेतावनी को केवल उद्योगों के लिए ही नहीं, बल्कि सरकार, समाज और परिवारों के लिए भी महत्वपूर्ण संदेश के रूप में देखा जाना चाहिए। शराब किसी भी रूप में स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है और उसे आकर्षक बनाकर बेचना मानव जीवन के मूल्य को कम करना है। आज आवश्यकता है कि शराब की पैकेजिंग को नियंत्रित किया जाए, उसे सामान्य और गैर-आकर्षक बनाया जाए, स्पष्ट चेतावनियां लिखी जाएं और शराब को समाज में सम्मानजनक स्थान देने वाली प्रवृत्तियों पर रोक लगे। सरकार को भी स्वस्थ्य सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए ऐसे कानून बनाने चाहिए जो शराब उद्योग की विपणन चालों को सीमित करें। आज शराब का प्रसार केवल स्वास्थ्य का संकट नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक विघटन का बड़ा कारण बनता जा रहा है। शराब से जुड़े अपराधों और हिंसा की घटनाओं में चिंताजनक वृद्धि हुई है, विशेषकर महिलाओं के प्रति अत्याचार, घरेलू हिंसा, आर्थिक शोषण और मानसिक प्रताड़ना का बड़ा कारक शराब ही बन रही है। अनेक अध्ययन बताते हैं कि महिलाओं के खिलाफ होने वाली लगभग आधी हिंसक घटनाओं में शराब प्रमुख भूमिका निभाती है। नशे में धुत्त पुरुष अक्सर पारिवारिक तनाव, गुस्से और असंतुलन के कारण महिलाओं पर अत्याचार कर बैठते हैं, जिससे न केवल उनका आत्मसम्मान टूटता है बल्कि पूरा परिवार भय, असुरक्षा और अपमान के वातावरण में जीने को मजबूर हो जाता है। शराब का यह प्रभाव किसी एक वर्ग तक सीमित नहीं, बल्कि ग्रामीण से शहरी, गरीब से सम्पन्न वर्ग तक फैल चुका है और इसे अनदेखा करना अब समाज के लिए संभव नहीं। चिंता का विषय यह भी है कि शराब अब केवल बार या नाइट क्लबों तक सीमित नहीं, बल्कि सामाजिक अवसरों-शादियों, जन्मदिनों, दफ्तर की पार्टियों, त्योहारों, यहां तक कि छोटे सामाजिक समारोहों में भी परोसी जाने लगी है। शराब को ह्लसामाजिकता का हिस्साह्व और ह्लआधुनिकता का प्रतीकह्व बताकर जिस तरह से उसकी पैठ बढ़ाई जा रही है, वह एक खतरनाक सांस्कृतिक परिवर्तन का संकेत है। परिवारों में युवा पीढ़ी अपने बड़ों को शराब का उपभोग करते हुए देखकर इसे सामान्य मानने लगी है, जिससे किशोर अवस्था में ही शराब सेवन की शुरूआत हो जाती है। स्कूल-कॉलेज के छात्र फैशन, दबाव, दोस्तों की नकल और विज्ञापन जैसी पैकेजिंग के प्रभाव में आकर शराब की लत में डूब रहे हैं। यह पीढ़ी मानसिक एवं शारीरिक दोनों स्तर पर कमजोर होती जा रही है। शराब न केवल उनकी पढ़ाई, कैरियर एवं सोचने-समझने की क्षमता को नष्ट करती है, बल्कि भविष्य के परिवार एवं समाज की नींव तक को हिला देती है। इन बढ़ती चिन्ताओं का समाधान केवल कानून से नहीं, बल्कि सामाजिक जागरूकता, सांस्कृतिक पुनर्संयम और परिवारों में जिम्मेदार व्यवहार से ही संभव है।

समाज तभी सुरक्षित हो सकता है जब हम शराब को आकर्षण का नहीं, विनाश का प्रतीक मानें। उसकी पैकेजिंग में चमक-दमक नहीं, चेतावनी झलके। उसका सेवन आधुनिकता नहीं, दुर्बलता समझा जाए। यह चेतना तभी बढ़ेगी जब कानून भी कठोर होंगे और समाज भी सजग।

# कांग्रेस के भविष्य पर मोदी की चिंता

**सर्वमित्रा सुरजन**



**जीत** के बाद श्री मोदी का अभिनंदन मखाने की बड़ी सी माला पहना कर किया गया। ध्यान रहे कि मखाना भी इस बार चुनाव का अहम मुद्दा रहा। अमीरों के लिए जो मखाना सुपर फूड कहा जा रहा है, उसे उपजाने वाले किसानों की जो दुर्दशा है, उसे समझने के लिए राहुल गांधी मखाना किसानों के साथ तालाब में उतरे थे। लेकिन अब भाजपा यह साबित करने में लगी है कि किसानों ने राहुल नहीं मोदी को चुना है। बिहार में जीत दर्ज करने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भाजपा मुख्यालय में जब जीत का जश्न मनाया तो उसमें फिर उसी प्रतीकात्मक राजनीति को बढ़ावा दिया, जिसके चंगुल में फंसकर जनता अपने ही जीवन से जुड़े बुनियादी मुद्दों की अनदेखी कर रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने पहले तो गमछा लहराकर अपने कार्यकर्ताओं का अभिवादन किया। गमछा एकदम सतह से जुड़े लोगों की खास पहचान है और केवल बिहार ही नहीं, समूचे भारत में आम आदमी इसका इस्तेमाल करता है। बिहार में एक बार तेजस्वी यादव ने गमछा हिलाया था तो फिर नरेन्द्र मोदी ने इसका महत्व समझ लिया। भाजपा कार्यकर्ता जमीन पर काफी मेहनत करते हैं, इसमें कोई दो राय नहीं है, लेकिन मोदी युग में भाजपा उद्योगपतियों की चहेती पार्टी बन चुकी है। नरेन्द्र मोदी ने अपने ही नामाक्षर वाले सुनहरे धागों से उकेरे गए नमो-नमो लिखे 10 लाख का सूट पहना था, यह देश को याद होगा ही। इसके बाद मोदी सरकार को सूट-बूट की सरकार कहा गया, तो अब भाजपा को जमीन से जुड़ी पार्टी दिखाने के लिए नरेन्द्र मोदी गमछा लहरा रहे हैं।

जीत के बाद श्री मोदी का अभिनंदन मखाने की बड़ी सी माला पहना कर किया गया। ध्यान रहे कि मखाना भी इस बार चुनाव का अहम मुद्दा रहा। अमीरों के लिए जो मखाना सुपर फूड कहा जा रहा है, उसे उपजाने वाले किसानों की जो दुर्दशा है, उसे समझने के लिए राहुल गांधी मखाना किसानों के साथ तालाब में उतरे थे। लेकिन अब भाजपा यह साबित करने में लगी है कि किसानों ने राहुल नहीं मोदी को चुना है। मखाना भी प्रतीकात्मक राजनीति का औजार बन गया है।

अपने संबोधन की शुरूआत नरेन्द्र मोदी ने जय छठी मईया कहकर की। ओडिशा जीतने के बाद जय जगन्नाथ से जय छठी मईया का यह सफर भी प्रतीकात्मक राजनीति का सबूत है। छठ पूजा के समय नरेन्द्र मोदी दूसरे घाट और साफ पानी की पोल खुल जाने के कारण अर्घ्य देते हुए वीडियो और तस्वीरें नहीं बनवा पाए थे। लेकिन बिहार चुनाव की जीत ने उन्हें छठी मईया का जयकारा लगाने का मौका दे ही दिया। यह तय बात है कि अगर भाजपा यह चुनाव हारती, तब नरेन्द्र मोदी इसे छठी मईया का आदेश मानकर स्वीकार नहीं करते, बल्कि वे इस पर कुछ कहते ही नहीं। लेकिन अब उन्हें अपने एक झूठे नैरेटिव को आगे बढ़ाने का मौका मिल गया है। अपने संबोधन में नरेन्द्र मोदी ने कहा कि विपक्ष ने छठी मईया का अपमान किया, छठ पूजा को नौटंकी कहा। हालांकि ये बात सरासर झूठ है। राहुल गांधी ने साफ शब्दों में कहा था कि नरेन्द्र मोदी अपने लिए अलग घाट बनवाकर छठ पूजा की नौटंकी कर रहे हैं। इसमें छठ पूजा की अवहेलना या छठी मईया का अपमान नहीं था, बल्कि नरेन्द्र मोदी के दिखावे की पोल खोल रहे थे। खबरों के फैक्ट चेक में भी यह साबित हो चुका है कि राहुल गांधी ने छठी मईया का अपमान नहीं किया था, मगर अब नरेन्द्र मोदी इसी झूठ को सौ बार बोलकर उसे सच साबित करने में लगे हैं।

नरेन्द्र मोदी ने कहा कि जंगलराज वालों ने एमवाय का तुष्टिकरण किया। हमारे लिए एमवाय का मतलब महिला और यूथ है। गौरतलब है कि लालू प्रसाद की राजनीति में एम वाय फामूर्ला यानी मुस्लिमों और यादवों के वोटों की मिली जुली ताकत को महत्व दिया गया था। राजद का जनाधार मजबूत होने के पीछे यह एक बड़ा कारण रहा। अब मोदी और भाजपा की मर्जी है कि वे एम वाय का विस्तारीकरण अपने हिसाब से करें। हालांकि मोदी ने जिस तरह महिला और यूथ यानी युवा का जिक्र किया है, उससे यह तो तय हो ही गया है कि 10 हजार रूपए चुनावों के वक्त खाते में डालने का फायदा भाजपा को मिला। अब चुनाव आयोग ने यह बेईमानी होने दी कि एक पार्टी आचार संहिता का उल्लंघन करे और उस पर कोई कार्रवाई न हो, तो विपक्षी चाहे जितने दांव-पेंच चल लें, क्या फर्क पड़ेगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने जीत के जश्न में प्रतीकों के इस्तेमाल और विपक्ष पर तंज कसने के अलावा अपने भाषण का एक बड़ा हिस्सा कांग्रेस को समर्पित किया। जिससे समझ आता है कि कांग्रेस को लेकर उनका डर अब तक गया नहीं है। जब तक राहुल गांधी कांग्रेस पार्टी के कद्दावर नेता बने रहेंगे, नरेन्द्र मोदी चैन से अपनी सत्ता का मजा नहीं लूट पाएंगे। नरेन्द्र मोदी ने अपने भाषण में कांग्रेस के विभाजन की भविष्यवाणी ही कर दी। उन्होंने कहा कि- 'कांग्रेस के नामदार जिस रास्ते पर पार्टी को लेकर चल रहे हैं, उसके प्रति घोर निराशा और घोर नाराजगी अंदर ही अंदर पनप रही है।' पाठक जानते हैं कि राहुल गांधी का सीधा नाम नरेन्द्र मोदी कभी नहीं लेते। कभी शहजादे, कभी नामदार ऐसे ही उन पर निशाना साधते हैं। तो अब राहुल गांधी कांग्रेस को किस रास्ते पर ले जा रहे हैं, इससे नरेन्द्र मोदी फिक्रमंद हो रहे हैं। अगर वाकई राहुल के कारण कांग्रेस को नुकसान है, तब तो मोदी को खुश होना चाहिए। लेकिन मोदी भी जानते हैं कि राहुल के कारण ही कांग्रेस की ताकत बची है। वर्ना उसे भीतर ही भीतर तोड़ने वालों की कमी नहीं है। राहुल ही ऐसे नेता हैं, जिन्हें मोदी और उनके दोस्त अब तक डरा नहीं पाए हैं।

बहरहाल, मोदी ने कहा कि मुझे आशंका है कि आगे कांग्रेस का एक और बड़ा विभाजन होगा। कांग्रेस की राजनीति अब नकारात्मक राजनीति वाली हो गई है। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के रवैये की वजह से अंदर-अंदर ही एक नया गुट उभर सकता है। साथ ही उसके सहयोगी भी अब दूरी बनाना शुरू कर देंगे। क्योंकि कांग्रेस के सहयोगियों को भी समझ आ रहा है कि सभी को निगेटिव दिशा में ले जा रही है। कांग्रेस के नामदार खुद और दूसरों को भी डुबोने की प्रैक्टिस कर रहे हैं।' नरेन्द्र मोदी ने कह दिया कि कांग्रेस का विभाजन होगा तो अब मीडिया भी इसके पिष्टपेषण में लग गया है। भाजपा का समर्थित मीडिया है, तो उसे वही नैरेटिव बनाना होगा जो मोदी चाहते हैं। कांग्रेस का भविष्य क्या होगा, इसकी चिंता कांग्रेसियों से ज्यादा भाजपा और मीडिया को होने लगी है। दरअसल इन्हें अल्लामा इकबाल के तराने की पंक्तियां पढ़ने की जरूरत है कि- कुछ बात है कि हस्ती मिटती नहीं हमारी, सदियों रहा है दुश्मन दौर-ए-जमां हमारा। 28 दिसंबर 1885 को स्थापित कांग्रेस एक नहीं कई बार टूट देख चुकी है और कई बार पार्टी से सारे पद और सुविधाएं हासिल करने वाले लोग सत्ता की खातिर उसे छोड़कर जा चुके हैं। ज्योतिरादित्य सिंधिया, मिलिंद देवड़ा जैसे नाम हाल की मिसालें हैं। मोदी को पता होना चाहिए कि राहुल गांधी के ग्रेट ग्रैंड फादर यानी पर-परनाना मोतीलाल नेहरू ने सबसे पहले 1922 में कांग्रेस को तोड़ा था। उन्होंने चितरंजन दास के साथ मिलकर नई पार्टी का गठन किया, जिसे स्वराज पार्टी का नाम दिया गया। इसके बाद, सुभाषचंद्र बोस ने 1939 में अखिल भारतीय फारवर्ड ब्लाक के नाम से अलग पार्टी बनाई। जेबी कृपलानी ने 1951 में कांग्रेस से अलग होकर किसान मजदूर प्रजा पार्टी का गठन किया था। 1956 में सी राजगोपालाचारी ने कांग्रेस छोड़कर इंडियन नेशनल डेमोक्रेटिक पार्टी का गठन किया। 1959 में बिहार, राजस्थान, गुजरात और ओडिशा में कांग्रेस में टूट हुई थी। 1964 में केएम जार्ज ने केरल में कांग्रेस को तोड़कर केरल कांग्रेस के नाम से नई पार्टी बनाई। 1967 में चौधरी चरण सिंह ने कांग्रेस से अलग होकर भारतीय क्रांति दल का गठन किया, जो बाद में लोकदल के नाम से जाना गया। इंदिरा गांधी को कांग्रेस ने 12 नवंबर 1969 को पार्टी से बर्खास्त कर दिया, जिसके बाद इंदिरा गांधी ने कांग्रेस (आर) के नाम से नई पार्टी का गठन किया, जिसे बाद में कांग्रेस (आई)के नाम से जाना गया। अभी यही भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस बनी है। वीपी सिंह ने 1984 में इंदिरा गांधी की हत्या के बाद पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के खिलाफ हो गए और उन्होंने जनमोर्चा के नाम से अपनी नई पार्टी बनाई। बाद में जनमोर्चा से ही जनता दल, जनता दल (यू), राजद और समाजवादी पार्टी का जन्म हुआ। 1999 के आसपास कांग्रेस में सोनिया गांधी के नाम पर फिर से बगावत हुई। तब शरद पवार ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी, ममता बनर्जी ने तृणमूल कांग्रेस बनाई। पिछले पंजाब चुनाव के वक्त अमरिंदर सिंह ने पंजाब लोक कांग्रेस नाम से पार्टी बनाई। अब इसका विलय भाजपा में कर लिया गया है। गुलाम नबी आजाद ने भी कांग्रेस का साथ छोड़ा और डेमोक्रेटिक प्रगतिशील आजाद पार्टी बनाई। एनसीपी, टीएमसी के अलावा अब अन्य दिग्गजों की पार्टियों का क्या हाल है, यह सबको पता है। जिन लोगों ने भाजपा से हाथ मिला लिया या उसके सामने घुटने टेक दिए, वे किसी तरह राजनीति में अपनी प्रासंगिकता बनाए हुए हैं, अन्यथा बाकियों का न अस्तित्व बचा है, न साख। लेकिन 2014 से सत्ता से बाहर कांग्रेस अब भी भाजपा के लिए बड़ी चुनौती बनी हुई है, तो यह उसकी संविधानपरक, लोकतांत्रिक राजनीति के कारण ही है। राहुल गांधी से कांग्रेस को कितना फायदा हो रहा है या नुकसान पहुंच रहा है, यहां यह सवाल है ही नहीं। बल्कि असली सवाल तो यह है कि मोदी को राहुल गांधी से इतना डर क्यों लग रहा है।

## थाना समाधान दिवस का आयोजन, फरियादियों की समस्याओं के त्वरित निवारण का प्रयास

**अखंड भारत संदेश**



**गोपीगंज भदोही ।** शासन की मंशा के अनुरूप फरियादियों को त्वरित न्याय की व्यवस्था हेतु प्रत्येक शनिवार आयोजित थाना समाधान दिवस के क्रम में शनिवार को जनपद के समस्त थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। ,शैलेश कुमार जिलाधिकारी भदोही तथा , अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही के निर्देशन में फरियादियों की समस्याओं को सुना गया। इसी क्रम में समस्त थानों पर पुलिस टीम द्वारा सम्बंधित थानों पर प्रशासनिक टीम के साथ समाधान दिवस का आयोजन कर जनता की समस्याओं को सुना गया व उनका निस्तारण राजस्व कर्मियों के साथ उपस्थिति रह कर किया गया। जन सुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों को गम्भीरता से सुनते हुए पुलिस विभाग से संबंधित समस्त प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारण किया गया तथा राजस्व विभाग से संबंधित समस्त प्रार्थना पत्रों का ,गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु सम्बंधित को निर्देशित किया गया। जनता के शिकायतों को सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को जमीन सम्बंधित सभी प्रकरणों में पुलिस व राजस्व की टीमों द्वारा संयुक्त रुप से प्रकरण का निस्तारण करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गये।

## नेताजी मुलायम सिंह यादव के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके संघर्ष को अपनाने का संकल्प लेकर जयंती मनायी

**अखंड भारत संदेश**



**गोपीगंज भदोही । जिलाध्यक्ष** प्रदीप यादव ने कहा सदी के सबसे बड़े जननायक समाजवाद के योद्धा शोषित समाज व किसानो की आवाज ,हिन्दुस्तान के धरोहर धरतीपुत्र श्रद्धे नेता जी मुलायम सिंह यादव जी को श्रद्धा सुमन अर्पित करता हु नेताजी के समाजवादी विचारधारा के संघर्षो पर चलने का संकल्प लेता हु । जिलाध्यक्ष ने नेताजी संघर्षों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कुश्ती से भारतीय राजनीति में आयरन मैन थे, नेताजी ने कभी मुड़कर नहीं देखा पहाड़ जैसी अकड़ जो कभी कार्यकताओं का साथ नही छोड़े एवं देश और प्रदेश में गरीब मजदूर किसानों के सम्मान की लड़ाई लड़ने के लिए मा० नेताजी ने समाजवाद का रास्ता चुना था गरीब मजदूर के हित की सोचने वाले मा. नेताजी अपने मुख्यमंत्री कार्यकाल एवं रक्षा मंत्री कार्यकाल में गरीब मजदूर किसानों के घर को रोशन किया है। विधायक जाहिद बेग, जिलामहासचिव हृदय नारायण प्रजापति पूर्व मंत्री रामकिशोर बिंद,प्रदेश सचिव आरिफ सिद्दीकी पूर्व विधायक मधुबाला पासी,औराई की पूर्व प्रत्याशी अंजनी सरोज महिमा सभा जिलाध्यक्ष डा.सरिता बिंद,राजेन्द एस बिंद।

## एसआईआर पर राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ डीईओ ने बैठक कर दी विस्तृत जानकारी

**अखंड भारत संदेश गोपीगंज भदोही ।**



**जिला** निर्वाचन अधिकारी शैलेष कुमार ने जनपद में कराए जा रहे मतदाता सूची के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण को लेकर राजनीतिक पार्टियों के पदाधिकारियों, एसआईआर कार्य हेतु लगाये गये सभी सेक्टर मजिस्टेज्ट, प्रेस प्रतिनिधियों के साथ कलेक्टेज्ट सभागार में प्रगति की समीक्षा की और एसआईआर के कार्यों में गति लाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग और मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के स्तर से भी एसआईआर में लगे सभी कार्मिकों के कार्यों की सतत निगरानी की जा रही है। इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता व लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी डीईओ, डिप्टी डीईओ, ईआरओ, एईआरओ, सुपरवाइजर्स और बीएलओ अपनी जिम्मेदारी को पूर्ण निष्ठा एंव लगन के साथ निभाएं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी राजनीतिक पार्टियों के पदाधिकारियों से अपील किया कि अविलम्ब अपने पार्टी के बीएलए की सूची उपलब्ध कराये।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि गणना प्रपत्रों का वितरण 99.57 प्रतिशत किया जा चुका है। विगत दिनों राजनैतिक दलों के साथ बैठक में जानकारी मिली कि कुछ क्षेत्रों में बी०एल०ओ० द्वारा अभीतक गणना प्रपत्र नहीं पहुँचाया गया।

# अधिवक्ता संघ अध्यक्ष के घर में बम फेंकने की घटना का हुआ खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जनपद में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में एसओजी व थाना कोतवाली कर्वी टीम द्वारा अधिवक्ता के घर पर रात्रि में बम फेंकने वाले तीन आरोपियों को घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया।

अपर पुलिस अधीक्षक सत्य पाल सिंह ने बताया कि बीती एक अक्टूबर को जिला मुख्यालय के गांधी गंज स्टेशन रोड़ निवासी अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता (एडवोकेट) पुत्र स्व0 श्याम सुन्दर गुप्ता ने कर्वी कोतवाली में सूचना दी कि बीती एक अक्टूबर की रात्रि वह अपने परिवार के साथ घर में सो रहे थे। इस दौरान रात्रि एक बजे धमाके की आवाज सुनकर बाहर निकलकर देखा कि कार्यालय के बाहर लान में खड़ी कार का पिछला शीशा टूटा हुआ था। घर पर लगे सीसीटीवी फुटेज को चेक किया गया तो पता चला कि घर के बाहर मोटर साइकिल सवार दो व्यक्तियों में पीछे बैठा व्यक्ति घर के अन्दर बम फेंकता हुआ दिखाई दिया। इस सूचना पर सम्बन्धित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम को लगाया गया। जिस पर बीते शुक्रवार को कर्वी कोतवाली के अपराध निरीक्षक राजकुमार वर्मा व उनकी टीम उपनिरीक्षक विवेक कुमार सिंह, आरक्षी राहुल देव, इन्दल व अजय तिवारी द्वारा देवागंना घाटी के पास वाहन चेकिंग के दौरान मोटरसाइकिल



सवार तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों ने अपने नाम बंटी पाल निवासी मुण्डेरा थाना धुमनगंज जनपद प्रयागराज, आकाश उर्फ राहुल तिवारी निवासी चकराना तिवारी सीओडी चाका नैनी जनपद प्रयागराज व ऋषभ कनौजिया उर्फ सान्डा निवासी झलवा थाना धुमनगंज जनपद प्रयागराज बताया।

कड़ाई से पूंछताछ करने पर आरोपी आकाश ने बताया कि उसकी मुलाकात ऋषभ उर्फ सांडा व बंटी पाल से नैनी जेल में हुयी थी, जहां से उनकी दोस्ती हो गयी थी। बताया कि जमीन के सिलसिले में उसका आना जाना चित्रकूट होता था। इस दौरान उसकी मित्रता अधिवक्ता सुरेश तिवारी से हो गयी। सुरेश तिवारी ने आकाश को बताया कि अधिवक्ता अशोक गुप्ता के सह पर एक अधिवक्ता और अन्य लोगों ने उसके साथ कचहरी में मारपीट की थी। इस मारपीट का बदला लेने के उद्देश्य से सुरेश तिवारी ने आकाश को पैसों का लालच दिया था। जिसके बाद आकाश ने अपने साथी बंटी पाल बुलाया और सुरेश तिवारी के घर ले गया। जहाँ सुरेश तिवारी व नवीन त्रिपाठी ने उन्हें अधिवक्ता अशोक गुप्ता के ऊपर बम से हमला करने को कहा। इसके लिए 50,000 रुपये भी देने की बात कहते हुए कुछ पैसे भी दिए। जिसके बाद आकाश और बंटी ने प्रयागराज से यश दीक्षित, अभय पासी व ऋषभ उर्फ सांडा को चित्रकूट बुलाया। घटना वाले दिन यह सभी हनुमान धारा मंदिर के पास इकट्ठा हुए, जहाँ से सुरेश तिवारी व नवीन त्रिपाठी बंटी पाल, ऋषभ उर्फ सांडा व यश दीक्षित को अपनी कार में बैठाकर अधिवक्ता अशोक गुप्ता का घर दिखाने ले गए। घर की पहचान कराने के बाद सुरेश तिवारी ने कुछ पैसे दिए और बम बनाने को कहा। जिसके बाद यह सभी बाजार से पटाखे खरीदकर हनुमान धारा के पास एक खाली प्लाट में पटाखों से बारूद निकालकर उसमें छर्रा आदि भरकर चार बम तैयार किए। रात्रि में आकाश ने दो मोटरसाइकिल दिलाई जिसमें बैठकर बंटी पाल, यश दीक्षित और अभय पासी ने घटना को अंजाम दिया। इस दौरान ऋषभ उर्फ सांडा और आकाश बाहर से सपोर्ट कर रहे थे। घटना के बाद सुरेश तिवारी ने कुछ पैसे देकर बाद में शेष पैसे देने की बात कही। शेष पैसे लेने आने पर देवागंना घाटी के पास चेकिंग के दौरान उन्हें मोटर साइकिल के साथ पकड़ लिया गया।

पुलिस ने घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल को सीज करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया। साथ ही दर्ज मुकदमे में अन्य आरोपियों के नामों को भी शामिल किया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार तीनों आरोपियों के विरुद्ध प्रयागराज के कई थानों में आपराधिक मुकदमें दर्ज है। आरोपियों की गिरफ्तारी करने वाली एसओजी टीम में प्रभारी निरीक्षक एमपी त्रिपाठी, मुख्य आरक्षी जितेन्द्र कुमार, आरक्षी गोलू भार्गव, ज्ञानेश मिश्रा, आरक्षी पवन राजपूत व राघवेन्द्र सिंह भी शामिल रहे।

## समाधान दिवस में डीएम ने सुनी समस्याएं

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** शासन के निर्देशानुसार आम जनमानस की समस्याओं के निस्तारण के दृष्टिगत शनिवार को जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें जिलाधिकारी सहित अन्य पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों ने जनपदवासियों की समस्याओं को सुना तथा निस्तारण के लिए सम्बन्धितों को निर्देशित किया।




जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने कोतवाली कर्वी में आयोजित थाना समाधान दिवस में फरियादियों की समस्याएं सुनी। इस दौरान प्राप्त कुल 9 प्रार्थना पत्रों में से तीन का मौके पर निस्तारण किया गया तथा शेष प्रकरणों के निस्तारण के लिए डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने थाना प्रभारी को निर्देश दिए कि राजस्व व पुलिस से संबंधित शिकायतों का समयबद्ध व पारदर्शी तरीके से समाधान किया जाए। साथ ही आम जनता के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाते हुए उनकी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाए। कहा कि थानों में आने वाले प्रत्येक फरियादी कि सुनवाई होनी चाहिए तथा भूमि विवाद, चकरोड, नाली एवं कानून-व्यवस्था से जुड़ी शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की करें। जिलाधिकारी ने समाधान दिवस को और प्रभावी बनाने के लिए नियमित फॉलो-अप करने, फील्ड में जाकर तथ्यपरक जांच करने तथा शिकायतों का स्थायी समाधान सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। इस मौके पर सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## पीएम श्री स्कूल कछार पुरवा में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत विद्यार्थियों ने दिया स्वच्छ समुदाय का संदेश

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सदर तहसील क्षेत्र के पीएम श्री स्कूल कछार पुरवा में शनिवार को स्वच्छता पखवाड़ा के तहत विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों, अभिभावकों और समुदाय में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।



स्वच्छता पखवाड़े के तहत विद्यालय में अभिभावक सम्मेलन, पौधरोपण, इको क्लब द्वारा स्कूल परिसर की सफाई, एक छात्र-एक पेड़, हर बूंद की कीमत और स्वच्छ विद्यालय-स्वस्थ समुदाय जैसे विषयों पर गतिविधियाँ आयोजित की गईं। जिसमें बच्चों ने रंग-बिरंगे पोस्टरों और अपने रचनात्मक संदेशों के माध्यम से स्वच्छता का महत्व प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। हर्बल गार्डन की सुंदरता बढ़ाते हुए एआरपी उपेंद्र शर्मा और यमेन्द्र दत्त पांडेय ने तुलसी और एलोवेरा के पौधे लगाए। इस दौरान उन्होंने आगामी चार दिसंबर को होने वाले निपुण असेसमेंट के संबंध में स्टाफ और अभिभावकों को विस्तृत जानकारी दी। उपेंद्र शर्मा ने कहा कि जब हमारा पूरा ब्लॉक निपुण होगा, तभी हम शिक्षकों की मेहनत सार्थक मानी जाएगी। प्रधानाध्यापिका उषा रानी त्रिपाठी ने कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप पीएम श्री स्कूल में सभी कार्य समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से संपन्न किए जा रहे हैं, जिसकी नियमित मॉनिटरिंग भी की जाती है। उन्होंने बताया कि स्वच्छ परिवेश को बढ़ावा देने के लिए हर्बल गार्डन में सभी पौधों पर नाम पट्टिकाएँ लगाई जाएंगी।

कार्यक्रम के दौरान नो बैग डे का भी आयोजन किया गया। साथ ही व्यावसायिक जागरूकता, पोस्टर प्रतियोगिता, खेलकूद, वाद-विवाद, गायन और नृत्य जैसी गतिविधियाँ पूरे उत्साह के साथ सम्पन्न हुईं। बच्चों ने बिना पाठ्य पुस्तकों के सीखने का आनंद लेते हुए रचनात्मकता और व्यक्तित्व विकास की मिसाल पेश की। इस मौके पर रचना यादव, विद्यासागर सिंह, सरला देवी, सोनू गौतम, ममता देवी, गीतांजलि, प्रियंका द्विवेदी, दीपा देवी, सियाराम सिंह आदि मौजूद रहे।

## 396 परीक्षार्थियों ने दी सीसीसी परीक्षा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जनपद में कंप्यूटर कोर्स (सीसीसी) की तीन दिवसीय परीक्षाएँ कड़ी सुरक्षा और शांतिपूर्ण माहौल में सफलतापूर्वक सम्पन्न हो गईं। जिला मुख्यालय के शंकर बाजार स्थित राष्ट्रीय कम्प्यूटर शिक्षा मिशन में 18 से 20 नवंबर तक आयोजित इन परीक्षाओं में कुल 464 परीक्षार्थियों में से 396 उपस्थित रहे, जबकि 68 अनुपस्थित रहे।

संस्थान के प्रबंध निदेशक सुभाष साहू ने बताया कि परीक्षा संचालन के लिए 100 कंप्यूटरों से युक्त अत्याधुनिक ऑनलाइन लैब तैयार की गई थी, जहाँ परीक्षार्थियों को लैब 1 और लैब 2 में सुव्यवस्थित रूप से बैठाया गया। पार्किंग और पेयजल की व्यवस्था भी पूरे समय उपलब्ध रही। सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखते हुए ओरिजिनल आईडी प्रूफ के बिना किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश नहीं दिया गया। पुलिस प्रशासन ने तीनों दिनों तक बड़ी जिम्मेदारी के साथ सहयोग दिया और पूरी परीक्षा अवधि में सतर्कता बनाए रखी। बताया कि परीक्षा प्रतिदिन चार चरणों में संचालित हुई। पहला बैच सुबह 9:30 से 11:00 बजे, दूसरा 11:30 से 01:00 बजे, तीसरा 2:00 से 3:30 बजे और चैथा शाम 4:00 से 5:30 बजे तक रहा। जिसमें पूरे



चित्रकूट मण्डल के परीक्षार्थियों ने जनपद में ही परीक्षा देकर राहत महसूस की। विद्यार्थियों ने कहा कि चित्रकूट की भौगोलिक स्थिति के कारण बाहर परीक्षा देने जाने में दिक्कत होती है, लेकिन जिले में परीक्षा आयोजित होने से समय और धन दोनों की बचत होती है और परीक्षा छूटने की आशंका भी नहीं रहती। बताया कि संस्थान वर्ष 2001 से जिले में संचालित है और बीते 25 वर्षों में चित्रकूट मण्डल के अग्रणी शैक्षणिक संस्थान के रूप में स्थापित हो चुका है। संस्थान से हजारों छात्र-छात्राएँ पूर्ण प्रशिक्षण प्राप्त कर विभिन्न क्षेत्रों में प्लेसमेंट भी पा चुके हैं।

सीसीसी की ऑनलाइन परीक्षा डॉ. दीपक सिंह (नीलिट, संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार) के अधिकृत परीक्षा नियंत्रक और राष्ट्रीय कम्प्यूटर शिक्षा मिशन के प्रबंध निदेशक सुभाष चन्द्र साहू के पर्यवेक्षण में सम्पन्न हुई। इनविजिलेटर के रूप में ज्योति साहू, विनीता सिंह, रिजवाना, आमिर हसन, शारदा प्रसाद मौजूद रहे तथा तकनीकी सहायता लैब टेक्नीशियन विनोद कुमार ने दी।

## श्रेष्ठ कार्य करने वाले बीएलओ को किया गया सम्मानित



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एस.आई.आर) अभियान के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाले दो बीएलओ को उप जिलाधिकारी राम ऋषि रमन द्वारा सम्मानित किया गया।

मऊ उपजिलाधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत बीती चार नवंबर से चार दिसम्बर तक गणना पत्रकों का वितरण, एकत्रीकरण और उनका डिजिटाइजेशन किया जा रहा है। जिसके तहत विधानसभा 237 मानिकपुर की तहसील मऊ में भाग संख्या 88 के बीएलओ राकेश सिंह और भाग संख्या 89 के बीएलओ अनुभव त्रिपाठी को कुशलतापूर्वक शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण करने के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। बताया कि दोनों बीएलओ सहायक अध्यापक के रूप में प्राथमिक विद्यालय ताड़ी में कार्यरत हैं। इस मौके पर तहसीलदार मऊ राम सुधार, नायब तहसीलदार मऊ पारुल सिंह, समाजसेवी सुनील मिश्र, मनीष सिंह, गोलू द्विवेदी, अनिल कुमार, शिव सागर आदि मौजूद रहे।

## रास्य स्तरीय सीनियर महिला वॉलीबॉल प्रतियोगिता का हुआ शुभारम्भ

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश खेल निदेशालय लखनऊ के निदेर्शानुसार क्षेत्रीय खेल कार्यालय चित्रकूट के तत्वावधान में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर राज्य स्तरीय सीनियर महिला वॉलीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ शुक्रवार को स्पोर्ट्स स्टेडियम चित्रकूट में किया गया। यह प्रतियोगिता 22 से 25 नवंबर 2025 तक चार दिनों तक चलेगी, जिसमें उत्तर प्रदेश के सभी 18 मण्डलों की टीमें हिस्सा ले रही हैं। बड़े पैमाने पर प्रतिभाग के कारण स्टेडियम में खेल उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला।

पूर्व सांसद आर.के. सिंह पटेल ने पं. दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। पूर्व सांसद ने ने 18 मंडलों से आई सभी





खिलाड़ियों, निर्णायकों और टीम प्रभारियों से परिचय प्राप्त करते हुए कहा कि खेल जीवन को दिशा देने का सबसे सशक्त माध्यम है। उन्होंने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी खिलाड़ी पूरे मनोयोग और अनुशासन से खेलें और अपने माता-पिता तथा जिले का नाम रोशन करें। क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी भानु प्रसाद ने बताया कि यह प्रतियोगिता संपूर्ण रूप से खेल निदेशालय के निदेर्शों के अनुरूप आयोजित की जा रही है। विजेता टीम की प्रत्येक खिलाड़ी को 1000 रुपये तथा उप-विजेता टीम की प्रत्येक खिलाड़ी को 800 रुपये की धनराशि सीधे उनके खातों में प्रेषित की जाएगी।

पहले दिन खेले गए मुकाबले रोमांच से भरपूर रहे। उद्घाटन मैच झांसी और अयोध्या मंडल के बीच खेला गया, जिसमें अयोध्या ने 25-12 और 25-10 से एकतरफा जीत दर्ज की। इसके बाद हुए मैच में बस्ती ने मेरठ को 25-09 और 25-12 से मात दी, जबकि आगरा ने कानपुर को 25-17 और 25-16 से हराकर जीत पक्की की। प्रयागराज ने अलीगढ़ को 25-18 और 25-10 से परास्त किया। आजमगढ़ की टीम पूरे आत्मविश्वास के साथ खेलते हुए सहारनपुर को 25-05 और 25-06 से मात दी। वाराणसी ने झांसी को 29-27 और 25-13 से हराया। लखनऊ और मुरादाबाद के मुकाबले में मुरादाबाद ने 25-12 और 28-15 से जीत दर्ज की। प्रयागराज ने अलीगढ़ को एक बार फिर 25-13 और 25-17 से हराया। गोंडा ने मिजार्पुर को 26-24 और 25-13 से हराया, जबकि आजमगढ़ ने सहारनपुर को 25-05 और 28-06 से शिकस्त देते हुए अपनी दूसरी जीत हासिल की। प्रतियोगिता के दौरान जिला खेल अधिकारी अरविंद कुमार सोनकर, खेल निदेशालय द्वारा नियुक्त शिकायत निवारण अधिकारी संदीप गुप्ता (खेल अधिकारी महोबा), पूर्व खेल शिक्षक डॉ तुषारकान्त शास्त्री, पूर्व खेल अधिकारी सबल सिंह (बांदा), पूर्व हॉकी कोच प्रेमशंकर शुक्ला आदि मौजूद रहे।

बताया कि प्रतियोगिता के मैचों का संचालन उत्तर प्रदेश वॉलीबॉल एसोसिएशन, कानपुर द्वारा भेजे गए राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय निर्णायकों की देखरेख में किया जा रहा है। निर्णायक मंडल में रामजीत, रामजनम, राजेश पटेल, शिवशंकर यादव, मलिक इरफान, मोहम्मद रफीक, प्रवीण कुमार, आशीष कुमार, ज्ञानेन्द्र कुमार, व्यास चतुर्वेदी, वीर प्रताप सिंह, मुख्य निर्णायक धीरेन्द्र सिंह शामिल हैं।

# चीन पर मोदी सरकार ने ले लिया इतना बड़ा फैसला, जानकर जिनपिंग भी हैरान!

**चीन**

**भारत** ने दुनिया भर में भारतीय मिशनों और वाणिज्य दूतावासों के माध्यम से आवेदन करने वाले चीनी नागरिकों के लिए पर्यटक वीजा खोल दिया है। दोनों देश वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर लंबे समय तक चले सैन्य गतिरोध के बाद अपने संबंधों को सामान्य बनाने की प्रक्रिया जारी रखे हुए हैं। यह कदम भारत द्वारा जुलाई में चीनी नागरिकों के लिए पर्यटक वीजा फिर से शुरू करने के चार महीने बाद उठाया गया है। अप्रैल-मई 2020 में वास्तविक नियंत्रण रेखा (छअउ) पर गतिरोध शुरू होने के बाद चीनी नागरिकों के वीजा निलंबित कर दिए गए थे। गलवान घाटी में सैन्य टकराव और एक क्रूर झड़प, जिसमें 20 भारतीय सैनिक और कम से कम चार चीनी सैनिक मारे गए, ने द्विपक्षीय संबंधों को छह दशकों के सबसे निचले स्तर पर पहुँचा दिया। इस मामले से परिचित लोगों ने शुक्रवार को बताया कि इस सप्ताह की




शुरूआत में दुनिया भर में भारतीय दूतावासों और वाणिज्य दूतावासों में चीनी नागरिकों के लिए पर्यटक वीजा खोल दिए गए। इस कदम के बारे में कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई। नाम न छापने की शर्त पर सूत्रों ने बताया कि भारत और चीन ने हाल के महीनों में संबंधों को स्थिर और पुनर्निर्माण करने के लिए कई "जन-केंद्रित कदमों" पर सहमति व्यक्त की है। उन्होंने बताया कि दोनों पक्षों के बीच सीधी उड़ानें, जो 2020 की शुरूआत से निलंबित थीं, अक्टूबर में फिर से शुरू हो गई हैं। संबंधों को सामान्य बनाने के अन्य कदमों में ग्रीष्मकाल में तिब्बत क्षेत्र के पवित्र स्थलों के लिए कैलाश मानसरोवर यात्रा फिर से शुरू करने का समझौता, विभिन्न श्रेणियों के यात्रियों के लिए वीजा सुविधा और राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ का स्मरणोत्सव शामिल हैं। इससे पहले, भारत ने जुलाई में चीनी नागरिकों के लिए पर्यटक वीजा फिर से शुरू कर दिया था, जिससे वे बीजिंग स्थित भारतीय दूतावास और शंघाई, ग्वांगझू और हांगकांग स्थित वाणिज्य दूतावासों में आवेदन कर सकते थे। दोनों पक्षों के दूतावासों और वाणिज्य दूतावासों में राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किए गए। उपरोक्त उद्धृत व्यक्तियों में से एक ने बताया कि इन सभी कदमों का उद्देश्य दोनों देशों के नेताओं के मार्गदर्शन में लोगों के बीच आदान-प्रदान को सुविधाजनक बनाना है।

# अमेरिका और दक्षि□ा अफ्रीका तू-तू-मैं-मैं पर उतर आये हैं, G-20 के भविष्य पर नया संकट आ गया है

**अमेरिका**

**दक्षिण** अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा ने कहा है कि अमेरिका ने ऋ20 बहिष्कार पर अपने रुख पर पुनर्विचार करने के संकेत दिए हैं। उन्होंने इसे ह्वसकारात्मक संकेतह्व बताया और कहा कि ह्वबहिष्कार की राजनीति कभी काम नहीं करती।ह्व लेकिन इसी बीच व्हाइट हाउस ने उनके दावे को ह्वफेक न्यूजह्व करार देते हुए कहा कि राष्ट्रपति ह्वबस बेवजह बोल रहे हैं।ह्व देखा जाये तो यह बयानबाजी केवल व्यक्तिगत तकरार नहीं, बल्कि उन गहरी दरारों का संकेत है जो आज ऋ20 की सामूहिकता को हिला रही हैं। रामफोसा ने कहा कि अमेरिका ने अंतिम समय में सूचित किया कि वह किसी न किसी रूप में जोहांसबर्ग शिखर सम्मेलन में शामिल हो सकता है। पर व्हाइट हाउस ने साफ कहा कि सिर्फ



कार्यकारी राजदूत मार्क डी. डिलार्ड औपचारिक समारोह में शामिल होंगे, लेकिन ह्वअमेरिका ऋ20 चचाओं में भाग नहीं ले रहा।ह्व प्रेस सचिव कैरोलाइन लेविट ने तो इसे और तीखा करते हुए कहा कि दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति ह्वअमेरिका के खिलाफ बेवजह बोल रहे हैंह्व और यह भाषा ह्वबर्दाश्त नहीं की जाएगी।ह्व वहीं दक्षिण अफ्रीका ने पलटवार किया, ह्वहम पर दबाव नहीं डाला जा सकता। हम धमकी में नहीं आएंगे। हम आपको बता दें कि अमेरिका का बहिष्कार ट्रंप प्रशासन के उस आरोप के बाद आया है जिसमें दक्षिण अफ्रीका पर श्वेत लोगों के खिलाफ भेदभाव और श्वेत किसानों पर हिंसा जैसे आरोप लगाए गए थे।

## कंबोडिया के प्रमुख पर्यटन स्थल से आ रही बस पुल से गिरी, 16 यात्रियों की मौत

**कंबोडिया**

**कंबोडिया** में एक यात्री बस पुल से नदी में जा गिरी। इस दुर्घटना में कम से कम 16 लोग मारे गए और दो दर्जन से अधिक घायल हुए हैं। पुलिस अधिकारी सिव सोवन्ना ने ह्वएसोसिएटेड प्रेसह्व को फोन पर बताया कि यह बस सियेम रीप से नोम पेन्ह की ओर जा रही थी, जहां प्रसिद्ध अंगकोर वाट मंदिर स्थित है। यह हादसा बृहस्पतिवार सुबह मध्य प्रांत काम्पोंग थॉम में हुआ। सोवन्ना ने बताया कि बृहस्पतिवार रात बचावकर्मियों द्वारा तलाश पूरी करने के बाद मृतकों की संख्या 13 से बढ़कर 16 हो गई। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जांच में संकेत मिला है कि चालक रात में सियेम रीप से प्रस्थान करने के बाद नींद के असर में था। आमतौर पर यह यात्रा लगभग साढ़े पांच घंटे की होती है। उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि चालक मृतकों में शामिल है या नहीं। पुलिस ने कहा कि बस में लगभग 40 यात्री सवार हुए थे और सभी कंबोडियाई नागरिक हैं। लोक निर्माण और परिवहन मंत्रालय के अनुसार, कंबोडिया में सड़क दुर्घटनाओं में 2024 में 1,509 लोगों की मृत्यु हुई।

# जोहरान ममदानी से मिलेंगे डोनाल्ड ट्रंप, जुबानी वार-पटलवार के बीच पहली बार होगा आमना-सामना

**न्यूयॉर्क**

**न्यूयॉर्क** के डेमोक्रेट मेयर जोहरान ममदानी पहली बार अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से मुलाकात करेंगे। ट्रम्प ने अपने ट्रुथ सोशल पर कहा, 'न्यूयॉर्क के कम्युनिस्ट मेयर जोहरान 'क्वामे' ममदानी ने मुझसे मुलाकात के लिए कहा। हम दोनों वाइट हाउस के ओवल ऑफिस में मुलाकात करेंगे।' बता दें कि न्यूयॉर्क मेयर चुनाव के दौरान ट्रम्प-ममदानी में तीखी बयानबाजी हो चुकी है। 34 वर्षीय डेमोक्रेटिक समाजवादी ममदानी, जिन्होंने इस महीने की शुरूआत में शहर के मेयर पद का चुनाव जीता था, पूर्व गवर्नर एंड्रयू कुओमो को हराने के बाद तेजी से राष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्धि में आए हैं। हालाँकि न्यूयॉर्क के पिछले मेयर व्हाइट हाउस की व्यापक बैठकों में शामिल होते रहे हैं, लेकिन ओवल ऑफिस में आमने-सामने की बैठक हाल की परंपराओं से एक उल्लेखनीय बदलाव का संकेत देती है। बैठक से पहले पत्रकारों से बात करते हुए, ममदानी ने कहा कि बातचीत जन सुरक्षा, सामर्थ्य और आर्थिक सुरक्षा पर केंद्रित होगी।

बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने कहा कि मैं राष्ट्रपति ट्रंप को यह स्पष्ट कर देना चाहता हूँ कि मैं उनके साथ मिलकर न्यूयॉर्कवासियों के हित में किसी भी एजेंडे पर काम करूँगा। उन्होंने आगे कहा कि अगर कोई एजेंडा न्यूयॉर्कवासियों को नुकसान पहुँचाता है, तो मैं सबसे पहले कुछ कहूँगा। ममदानी का कहना है कि सामर्थ्य ही उनके संदेश



का केंद्र होगा। यूएसए टुडे की रिपोर्ट के अनुसार, सिटी हॉल पार्क में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा, "इसीलिए हर बात सामर्थ्य के एजेंडे पर आकर टिकती है। उन्होंने आगे कहा कि मैं किसी से भी मिलूँगा, हर किसी से बात करूँगा, बशर्ते इससे न्यूयॉर्कवासियों के आर्थिक एजेंडे को फायदा हो सके।

एपस्टीन फाइल्स जारी करने के कानून पर ट्रम्प के साइन

ट्रम्प ने 'एपस्टीन फाइल्स ट्रांसपेरेंसी एक्ट' पर साइन कर न्याय विभाग को यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से जुड़ी फाइलें सार्वजनिक करने का निर्देश दिया है। ट्रम्प ने इसे 'पारदर्शिता का ऐतिहासिक कदम' बताते हुए कहा कि एपस्टीन जीवनभर डेमोक्रेट रहा और बिल क्लिंटन जैसे प्रभावशाली नामों से जुड़ा था। अभी स्पष्ट नहीं है कि दस्तावेज किस फॉर्मेट में जारी होंगे। सारी फाइल्स जारी होंगी कि नहीं।

# भयानक भूकंप से कांपा बांग्लादेश

**बांग्लादेश**

**बांग्लादेश** में शुक्रवार सुबह 5.5 तीव्रता का भूकंप आने से कम से कम छह लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए। इसके प्रभाव से पूरे पश्चिम बंगाल में झटके महसूस किए गए। प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार, भूकंप सुबह 10:08 से 10:10 बजे के बीच कोलकाता, मालदा, नादिया, कूचबिहार और कई अन्य जिलों में कुछ सेकंड के लिए महसूस किया गया। दक्षिण और उत्तर दिनाजपुर सहित पश्चिम बंगाल के अन्य हिस्सों में भी झटके महसूस किए गए। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (यूएसजीएस) के अनुसार, पश्चिम बंगाल के अलावा, पूर्वोत्तर भारत के कई हिस्सों में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए। यूएसजीएस के अनुसार, भूकंप का केंद्र ढाका के घोरासल में था और इसकी गहराई 10 किलोमीटर थी। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस) के अनुसार, शुक्रवार तड़के पाकिस्तान और अफगानिस्तान में आए दो मध्यम तीव्रता के भूकंपों के बाद यह तीसरा भूकंप है।

साल्ट लेक सेक्टर 3 के एक सोशल मीडिया उपयोगकर्ता ने बताया कि पंखे और सोफा कम से कम सात से आठ सेकंड तक हिलते रहे।

हालाँकि, किसी नुकसान या हताहत की तत्काल कोई रिपोर्ट सामने नहीं आई है। भूकंप के तुरंत बाद, सोशल मीडिया पर कई तस्वीरें आने लगीं, जिनमें स्थानीय लोग आवासीय परिसरों, शैक्षणिक संस्थानों और व्यावसायिक भवनों के बाहर इकट्ठा होते दिखाई दे रहे थे। भूकंप के कारण ढाका में बांग्लादेश और आयरलैंड के बीच चल रहा टेस्ट मैच भी कुछ देर के लिए बाधित रहा। हालाँकि, कुछ मिनट बाद खेल फिर से शुरू हो गया और किसी नुकसान की खबर नहीं है।

# पाकिस्तान में अब कहां हो गया ब्लास्ट, 15 लोगों की मौत

**पाकिस्तान**

**पंजाब** प्रांत के फैसलाबाद जिले के मलिकपुर में एक रासायनिक कारखाने में बॉयलर फटने से कम से कम 15 लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। विस्फोट सुबह-सुबह हुआ, जिससे आस-पास की कई इमारतें ढह गईं, जिनमें एक फैक्टरी की इमारत भी शामिल थी। फैसलाबाद के उपायुक्त राजा जहाँगीर अनवर ने संवाददाताओं को बताया कि बचाव अभियान जारी है और मलबे में और लोगों के दबे होने की आशंका है। अनवर ने कहा कि अब तक बचाव दल ने मलबे से 15 शव निकाले हैं और सात घायलों को अस्पताल पहुँचाया गया है। उन्होंने आगे कहा कि बचाव दल मलबा हटाने में लगे हुए



हैं। ज़िले की पूरी मशीनरी बचाव कार्य में लगी हुई है पंजाब के पुलिस महानिरीक्षक डॉ. उस्मान अनवर ने प्रभावी खोज और बचाव अभियान सुनिश्चित करने के लिए रेस्क्यू 1122, अग्निशमन विभाग और अन्य संबंधित एजेंसियों सहित सभी आपातकालीन प्रतिक्रिया दलों को पूर्ण सहयोग प्रदान करने के निर्देश जारी किए। पंजाब की मुख्यमंत्री मरियम नवाज ने इस त्रासदी पर गहरा दुख व्यक्त किया और शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने फैसलाबाद आयुक्त से घटना के संबंध में विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। विस्फोट के कारणों का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है और क्षेत्र के अन्य रासायनिक कारखानों की सुरक्षा जांच तेज कर दी गई है। अधिकारी भविष्य में इसी तरह की दुर्घटनाओं को रोकने के लिए औद्योगिक सुरक्षा प्रोटोकॉल के पालन की भी समीक्षा कर रहे हैं।

यह दुखद घटना क्षेत्र में औद्योगिक सुरक्षा मानकों को लेकर चिंताओं को रेखांकित करती है, क्योंकि अधिकारी बचाव अभियान जारी रखे हुए हैं और पीड़ितों और उनके परिवारों को सहायता प्रदान कर रहे हैं।

# ताजमहल की सैर, ट्रंप के बेटे ने पत्नी संग कई फोटो खिंचवाई

**अमेरिका**

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बेटे डोनाल्ड ट्रंप जूनियर ने गुरुवार को आगरा स्थित ताजमहल का दीदार किया। कड़ी सुरक्षा के बीच, उन्होंने ऐतिहासिक स्थल पर एक घंटे से ज्यादा समय बिताया। उनके साथ 40 देशों के 126 विशेष अतिथि भी थे। उन्होंने स्मारक के सामने तस्वीरें खिंचवाईं और ताजमहल के निर्माण में गहरी रुचि दिखाई। उन्होंने इसकी स्थापत्य कला और इसके इतिहास के बारे में कई सवाल पूछे। अधिकारियों ने बताया कि ट्रंप जूनियर दोपहर करीब 3.30 बजे स्मारक पहुँचे। उन्होंने परिसर में घूमने का भरपूर आनंद लिया और




तस्वीरें लेने के लिए बार-बार रुके, जिसमें प्रसिद्ध डायना बेंच पर एक सत्र भी शामिल था। उनके दौरे का नेतृत्व गाइड नितिन सिंह ने किया, जिन्होंने 2020 में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ताजमहल यात्रा के दौरान भी उनका मार्गदर्शन किया था।

आगरा में सुरक्षा बढ़ा दी गई

पूरे इलाके में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई। स्थानीय पुलिस और अमेरिकी सुरक्षा अधिकारी ड्यूटी पर तैनात थे, जबकि ट्रम्प जूनियर के परिसर में प्रवेश करते ही सीआईएसएफ ने आंतरिक सुरक्षा की कमान संभाल ली, ताकि मेहमान टीम की सुचारू आवाजाही सुनिश्चित हो सके।

यात्रा से पहले, प्रशासन ने एक विशेष सफाई अभियान चलाया और महत्वपूर्ण मार्गों से आवारा पशुओं को हटाया। अधिकारियों ने बताया कि ट्रम्प जूनियर के अगले दौरे पर उदयपुर जाने की संभावना है, जहाँ उनके एक हाई-प्रोफाइल डेस्टिनेशन वेडिंग में शामिल होने की उम्मीद है।

आगरा में सुरक्षा बढ़ा दी गई

पूरे इलाके में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई। स्थानीय पुलिस और अमेरिकी सुरक्षा अधिकारी ड्यूटी पर तैनात थे, जबकि ट्रम्प जूनियर के परिसर में प्रवेश करते ही सीआईएसएफ ने आंतरिक सुरक्षा की कमान संभाल ली, ताकि मेहमान टीम की सुचारू आवाजाही सुनिश्चित हो सके। यात्रा से पहले, प्रशासन ने एक विशेष सफाई अभियान चलाया और महत्वपूर्ण मार्गों से आवारा पशुओं को हटाया। अधिकारियों ने बताया कि ट्रम्प जूनियर के अगले दौरे पर उदयपुर जाने की संभावना है, जहाँ उनके एक हाई-प्रोफाइल डेस्टिनेशन वेडिंग में शामिल होने की उम्मीद है।

## अमेरिका-रूस का सीक्रेट प्लान! जेलेंस्की की गर्दन पर ट्रंप ने रखी तलवार, यूक्रेन को माननी होगी शर्मनाक डील?

**अमेरिका**

**पता** चला है कि वर प्रेसिडेंट डोनाल्ड ट्रंप ने रूस-यूक्रेन झगड़े के लिए एक शांति प्लान को "चुपचाप" मंजूरी दे दी है, जो दोनों देशों के बीच लड़ाई को खत्म करने में एक बड़ी कामयाबी हो सकती है। ठइउ न्यूज ने एक सीनियर एडमिनिस्ट्रेशन अधिकारी के हवाले से बताया कि ट्रंप ने इस हफ़्ते रूस और यूक्रेन के बीच शांति के लिए 28-पॉइंट वाले प्लान को मंजूरी दी।रिपोर्ट में कहा गया है कि टॉप एडमिनिस्ट्रेशन अधिकारियों ने पिछले कई हफ़्तों में रूसी दूत किरिल दिमित्रीव और यूक्रेनी अधिकारियों से सलाह करके इस प्लान को "चुपचाप" बनाया है।

इस प्लान के बारे में सबसे पहले एक्सियोस ने रिपोर्ट किया था, जिसने कहा था कि यूनाइटेड स्टेट्स के प्रपोजल ने डोनाल्ड ट्रंप के 20-पॉइंट वाले गाजा शांति प्लान से प्रेरणा ली है।

अमेरिका और रूस के बीच हुई बातचीत के आधार पर यह मसौदा तैयार किया गया है, जिसकी एक प्रति ह्वएसोसिएटेड प्रेसह्व को बृहस्पतिवार को प्राप्त हुई। यह मसौदा साफ तौर पर रूस के पक्ष में दिखाई देता है।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
प्रबन्धक
अनूप मिश्रा
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा

# नेपाल में फिर बड़ी राजनीतिक उथल-पुथल, समर्थकों से हो रही जोरदार भिड़ंत

**नेपाल**

**नेपाल** इन दिनों एक ऐसे दौर से गुजर रहा है, जहाँ राजनीतिक अस्थिरता, युवाओं का असंतोष और शासन तंत्र की सीमाएँ एक साथ उभर चुकी हैं। सड़कों पर दिखाई दे रहे ह्वजेन जेडह्व युवा नए नेपाल की उस बेचैनी का प्रतीक हैं, जो पारंपरिक राजनीतिक ढाँचों और उनके कठोर नेतृत्व-शैली को स्वीकार करने से इंकार कर रही है। दूसरी ओर, पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली और उनकी पार्टी सीपीएन-यूएमएल का नेतृत्व अब भी उसी पुरानी दौर की राजनीति में अटका दिखाई देता है, जिसमें सत्ता की पकड़ बनाए रखने के लिए कठोरता, टकराव और संगठनात्मक दबाव को प्राथमिकता दी जाती रही है।

हम आपको बता दें कि नेपाल के बारा जिले के सिमरा शहर में दो दिन पहले भड़के हिंसक टकराव ने जिस तनावपूर्ण स्थिति को जन्म दिया, उसका प्रभाव राजधानी काठमांडू तक में महसूस किया गया। सिमरा में जेन जेड युवाओं और वटछ कार्यकताओं के बीच हुए संघर्ष में कई लोग घायल हुए, सड़कों पर टायर जलाए गए और हवाई अड्डे पर तोड़फोड़ की घटनाएँ सामने आयीं। यह सब उस समय हुआ जब वटछ नेता शंकर पोखरेल और महेश बसनेत युवा कार्यक्रम में शामिल होने आ रहे थे और दोनों पक्षों के कार्यकताओं के बीच एक मामूली बहस तेजी से हिंसा में बदल गई।

युवाओं के विरोध की तीव्रता इस बात से भी स्पष्ट होती है कि उन्होंने तब तक वार्ता से इंकार कर दिया जब तक पुलिस उन छह आरोपियों को गिरफ्तार नहीं करती,



जिन पर युवाओं पर हमले के आरोप लगे थे। पुलिस द्वारा तीन वटछ नेताओं की गिरफ्तारी स्थिति को शांत करने में महत्वपूर्ण कदम साबित हुई। इन गिरफ्तारियों ने पहली बार युवाओं को यह संकेत दिया कि प्रशासन उनकी शिकायतों को नजरअंदाज नहीं कर सकता।

हम आपको बता दें कि कर्फ्यू हटने के बाद बारा में स्थिति सामान्य हो रही थी, लेकिन काठमांडू में शुक्रवार को एक बार फिर दोनों समूह आमने-सामने नजर आए। माइतीघर मंडला में घायल जेन जेड युवा पूर्व प्रधानमंत्री ओली के खिलाफ धरना देने पहुंचे थे जबकि निकटवर्ती क्षेत्र में वटछ की रैली के दौरान ओली ने ह्वनेशनल वॉलंटियर्स फोर्सह्व बनाने की घोषणा कर दी थी। यह ऐसी घोषणा थी जिसे कई पर्यवेक्षक युवा असंतोष को दबाने के इरादे से जोड़कर देख रहे हैं।

यह स्थिति इसलिए भी संवेदनशील है क्योंकि युवाओं का आरोप है कि 8 सितंबर को प्रदर्शनकारी छात्रों के खिलाफ जिस कार्रवाई में 76 लोगों की मौत हुई, उसकी ज़िम्मेदारी स्वयं ओली पर है। इस आरोप ने पीढ़ियों के इस संघर्ष को और अधिक तीखा बना दिया है।

देखा जाये तो नेपाल इस समय एक महत्वपूर्ण राजनीतिक मोड़ पर खड़ा है। भ्रष्टाचार और सोशल मीडिया प्रतिबंध के खिलाफ देशभर में हुए प्रदर्शनों के कारण ही 9 सितंबर को केपी शर्मा ओली को पद छोड़ना पड़ा और उसके बाद अंतरिम प्रधानमंत्री सुशीला कार्की के नेतृत्व में अंतरिम सरकार बनी। अब 5 मार्च के आम चुनाव का ऐलान हो चुका है, लेकिन वटछ इन चुनावों का विरोध कर रही है। पार्टी संसद को बहाल करने और प्रधानमंत्री कार्की के इस्तीफे की मांग कर रही है। दूसरी ओर, नेपाली कांग्रेस और अन्य दल चुनाव को समाधान के रूप में देख रहे हैं।

राजनीतिक अस्थिरता को देखते हुए राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद ने चुनावों के दौरान सेना तैनात करने की सिफारिश की है। यह कदम यह दर्शाता है कि नेपाल में सुरक्षा तंत्र को भी आगामी महीनों में बड़े तनाव की आशंका है।